26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 3 मार्च, 2026

अंक- 129 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## सपा की निगाह प्रदेश के दलित वोटों पर, 15 मार्च को पार्टी सभी जिलों में मनायेगी कांशीराम जयंती



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** सपा ने 15 मार्च को सभी जिलों में कांशीराम जयंती मनाने का फैसला किया है। पार्टी का प्रयास है कि जिलास्तर पर होने वाले इन कार्यक्रमों में दलित समाज के लोगों की ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाई जाए। आयोजनों में बसपा संस्थापक कांशीराम और सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बीच रहे रिश्तों की भी याद दिलाई जाएगी। इस संबंध में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सभी जिला व महानगर पदाधिकारियों को कांशीराम जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जेएनयू के सेवानिवृत्त शिक्षक और समकालीन राजनीति के जानकार प्रो. रवि कहते हैं कि कभी यूपी में मुलायम-कांशीराम फैक्टर बहुत प्रभावी था। नब्बे के दशक में इस फैक्टर से दलितों और पिछड़ों की सामाजिक व राजनीतिक हैसियत में बड़ा बदलाव देखने को मिला। अब दलित-पिछड़ों के गठजोड़ के इसी फैक्टर की बदौलत सपा ने यूपी की राजनीति में दखल बढ़ाने का निर्णय लिया है। सपा नेतृत्व का मानना है कि दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक (पीडीए) का फॉर्मूला उन्हें सत्ता तक पहुंचा सकता है।

# यूट्यूब पर बजा पीएम मोदी का डंका

### छुआ 30 मिलियन सब्सक्राइबर का आंकड़ा, ट्रंप से सात गुना ज्यादा फॉलोअर्स

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक और उपलब्धि हासिल की। उन्होंने यूट्यूब पर 30 मिलियन सब्सक्राइबर का आंकड़ा पार कर लिया है। ऐसा करने वाले वे विश्व के पहले नेता बन गए हैं। विश्व नेताओं में, प्रधानमंत्री मोदी के यूट्यूब पर सबसे अधिक सब्सक्राइबर हैं। रैंकिंग के अनुसार, वे इस श्रेणी में अन्य सभी से काफी आगे हैं। दूसरे स्थान पर ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो हैं, जिनके सब्सक्राइबर प्रधानमंत्री मोदी के सब्सक्राइबर का लगभग एक-चौथाई ही हैं। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के पास अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में सात गुना से अधिक सब्सक्राइबर हैं। भारत में, प्रधानमंत्री मोदी का दबदबा और लोकप्रियता स्पष्ट है। सब्सक्राइबर के मामले में, प्रधानमंत्री मोदी के पास राहुल गांधी से लगभग तीन गुना और आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से चार गुना से भी अधिक सब्सक्राइबर हैं।

यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन फोलोअर्स का आंकड़ा पार करने के बाद हासिल की गई है। उन्होंने हाल ही में इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल की है। ऐसा करने वाले वे पहले विश्व नेता और राजनेता बन गए हैं।



प्रधानमंत्री मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की संख्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से दोगुनी से भी अधिक है। अगले पांच प्रमुख विश्व नेताओं के फॉलोअर्स की कुल संख्या प्रधानमंत्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या से कम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 43.2 मिलियन फॉलोअर्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

## अमेरिका के पास पर्याप्त हथियार, हम बड़ी जीत के लिए तैयार- ट्रम्प

**वॉशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका के पास मध्यम और उच्च-मध्यम श्रेणी के हथियार का पर्याप्त भंडार है। राष्ट्रपति ने कहा कि हथियारों के भंडारण के मामले में वह 'इतने मजबूत पहले कभी नहीं रहे' और देश के पास हथियारों की 'लगभग असीमित आपूर्ति' है। श्री ट्रंप ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि इन भंडारों के सहारे युद्ध 'लंबे समय तक' और 'सफलतापूर्वक' लड़े जा सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि ये हथियार अन्य देशों के श्रेष्ठ हथियारों से भी बेहतर हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि अत्याधुनिक श्रेणी के हथियारों के मामले में अमेरिका के पास पर्याप्त भंडार है लेकिन 'जहां होना चाहिए वहां अभी नहीं है।' उन्होंने कहा कि अतिरिक्त उच्च-स्तरीय हथियार विदेशों में सुरक्षित रखे गये हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर आरोप लगाया कि उन्होंने यूक्रेन को सैकड़ों अरब डॉलर मूल्य के अत्याधुनिक हथियार और संसाधन दिए लेकिन उनकी भरपाई नहीं की। उन्होंने कहा कि अपने पहले कार्यकाल में उन्होंने अमेरिकी सेना का पुनर्निर्माण किया था और इसे आगे भी जारी रखेंगे।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES

भगन्दर FISTULA

फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

( गुदा रोग विशेषज्ञ )

आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

## ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज किया बंद कहा-यहां से गुजरने वाले तेल के जहाजों में आग लगा देंगे

अमेरिका की कॉन्सुलर अफेयर की असिस्टेंट सेक्रेटरी मोरा नामदार ने अपने एक ट्वीट में कहा कि विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने खाड़ी के तमाम देशों में मौजूद अमेरिकी नागरिकों को वहां से निकलने का अनुरोध किया है। रूबियो ने नागरिकों से कॉमर्शियल विमानों का इस्तेमाल करने के लिए कहा है। अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा को खतरा बताया गया है। रिपोर्टो के मुताबिक उन्होंने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद हो गया है। यहां से यदि कोई जहाज गुजरने की कोशिश करता है तो उसे आईआरजीसी नौसेना एवं सेना के जांबाज उसमें आग लगा देंगे।

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ

( श्याम बाबा ) के दर्शन करें।

प्राचीन शिव मंदिर अग्रवाल धर्मशाला

रम्मू का चौराहा, बिजनौर

मो. 9927652453

## होली की शुभकामनाएं

चिंगारी के सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंटों-हॉकरों, आजीवन सदस्यों, संवाददाताओं एवं संस्थानकर्मियों सहित सभी नागरिकों को रंगों के त्यौहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं

### अवकाश सूचना

रंगों के त्यौहार दुल्हैंडी पर 4 मार्च 2026 को चिंगारी स्टाफ भी रंग खेलेगा। अत: कल चिंगारी का प्रकाशन नहीं होगा। अगला अंक 5 मार्च 2026 को मिलेगा। आज के अंक के साथ रंगीन होली परिशिष्ट दिया जा रहा है। - संपादक

# बारगाह में मोमबत्तियां जलाकर ख़िराज-ए-अकीदत पेश की

**नगीना ( चिंगारी )**। इज़राइल व अमेरिका की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान के सर्वोच्च नेता व धर्मगुरु अयातुल्लाह खामेनेई की मौत पर शिया समुदाय के लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त किया और इमाम बारगाह में मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौलाना मीसम रज़ा ज़ैदी के नेतृत्व में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर अमेरिका व इज़राइल के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाल अवनीत मान को ज्ञापन सौंपा। शिया समुदाय के लोगों ने थाने के पास स्थित इमाम बारगाह में मोमबत्तियां जलाकर ईरान के सर्वोच्च नेता व धर्मगुरु अयातुल्लाह खामेनेई को ख़िराज ए अकीदत पेश की। मौलाना मीसम रज़ा ज़ैदी ने अयातुल्लाह खामेनेई को रहबर बताते हुए कहा कि अयातुल्लाह खामेनेई कभी भी जुल्म के सामने नहीं झुके और आखिरी दम तक दुश्मनों का डटकर मुकाबला किया। उन्होंने हमेशा इंसानियत, भाईचारे व शांति का पैगाम दिया। कौम उनके बताए रास्ते पर ही चलती रहेगी। उनकी मगफिरत की दुआएं की गईं और देश में अमन शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर हैदर ज़ैदी, काशान मेंहदी, कमाल हैदर रिहान, शबाब हैदर, अर्शी आब्दी, हामिद सिब्तेन, रईस अब्बास, यावर, हैदर सिब्ते वाकर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



थाने के बाहर थाना अध्यक्ष को ज्ञापन देते शिया समुदाय के लोग।

## खामेनेई की मौत पर आलमगीर काजमी ने जताया दुःख

### दुःख व विरोध जताने वालों से अपील- अमन और शांति बनाएं रखें



**नगीना ( चिंगारी )**। आलमी हुसैनी फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर आलमगीर काजमी ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर गहरा दुःख जताया है। डॉक्टर काजमी ने इजरायल व अमेरिका के इस कदम की कड़ी निंदा करते हुये घटना को दुखद और क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए खतरनाक बताया। आलमी हुसैनी फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर आलमगीर काजमी ने कहा कि ऐसे घटनाक्रम अनिश्चितता और दुःख को और गहरा करते हैं। उन्होंने बुद्धिमत्ता, संयम तथा अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. काजमी ने लोगों से शांतिपूर्वक माहौल बनाए रखने का आग्रह किया और प्रशासन से उम्मीद जताते हुए कहा कि जो लोग शोक व्यक्त करना चाहते हैं, उन्हें सम्मानपूर्वक ऐसा करने का अधिकार मिलना चाहिए। साथ ही शांति व्यवस्था भी बनी रहे। अमेरिका और इस्राइल वर्षों से यह चाहते थे कि खामेनेई को मारकर ईरान की सत्ता हासिल कर ली जाए। डॉ. काजमी ने भारत सरकार से अपील की है कि अरब और ईरान में रहने वाले भारतीयों को सुरक्षित भारत लाने की व्यवस्था करें। काजमी ने अपील करते हुए कहा कि शांति के साथ विरोध करें। इस बात की व्यवस्था रखें कि दुख या विरोध में शामिल कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में न लें।

## सामाजिक समरसता के लिए सम्मानित हुए महताब खान चांद

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। भारत नामधेय चक्रवर्ती सम्राट भरत की जन्मभूमि महर्षि कण्व की तपस्थली पर इंटरनेशनल ब्रांड एंबेसडर व विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने पर महताब खान चांद को अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डू समथिंग सोसाइटी के द्वारा होली के पावन अवसर पर सामाजिक समरसता का भाव लिए होलीकोत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। एकेवीएन स्कूल कणवनगरी कोटद्वार परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पच्चीस मनीषियों को अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सुप्रसिद्ध लोक गायक सौरभ मैठानी के द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में उत्तराखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पंडित राजेंद्र अणथवाल, पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी, प्रथम महापौर हेमलता नेगी, संस्था के अध्यक्ष मयंक प्रकाश कोठारी, संरक्षक प्रकाश चंद्र कोठारी, श्रीमती सोनम कोठारी, विपिन जदली, रेखा नेगी, एमपी थपलियाल, सिन्धु कोठारी, कविता रावत, नीलम डंगवाल सहित राजनैतिक दलों सामाजिक संस्था से जुड़े प्रबुद्ध जनों ने हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों चर्चा में रही कणवनगरी कोटद्वार में होलीकोत्सव में रमजान के पवित्र महीने में महताब खान चांद को सामाजिक समरसता के लिए सम्मानित किया जाना एक अनुठी पहल है।






'डू समथिंग' ने किया होलिका उत्सव का आयोजन (पेज 15)



# होली खेलकर आये किशोर की बाथरूम में नहाते समय मौत

## होली की खुशियां गम में बदलीं



फाइल फोटो सरदार अमृतपाल सिंह

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की पंजाबी कॉलोनी में होली की खुशियां उस समय गम में बदल गई, जब सोमवार की दोपहर होली खेल कर आये 16 वर्षीय किशोर की बाथरूम में नहाते समय आकस्मिक मौत हो गई। मृतक का अंतिम संस्कार आज प्रात: नहटौर मार्ग स्थित बड़िया श्मशान घाट पर किया गया।

जानकारी के अनुसार पंजाबी कॉलोनी निवासी सरदार सुरेंद्र सिंह की बेटी का पुत्र सरदार अमृतपाल सिंह सोमवार को होली खेल कर दोपहर 2 बजे अपने घर पहुंचा और बाथरूम में नहाने के लिए चला गया। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आया, तो उनकी माताजी ने आवाज देकर उससे बाहर आने के लिए कहा परंतु अंदर से कोई जवाब न आने पर वह असमंजस में पड़ गई और इस बारे में उन्होंने परिजनों को बताया। जिस पर उन्होंने दरवाजे को तोड़कर देखा तो अमृतपाल सिंह बाथरूम के फर्श पर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। परिजनों ने तुरंत उसे निजी अस्पताल में दिखाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सरदार अमृतपाल सिंह सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 9 का छात्र था। शोक स्वरूप पंजाबी कॉलोनी में होली का रंग नहीं खेला गया।

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं

सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुक़द्दस रमज़ान की
दिली मुबारकबाद



वसीक अहमद
पूर्व सभासद
नगरपालिका परिषद, बिजनौर
मो. मिर्दगान बी-10, बिजनौर

तेरहवां रोजा : मंगलवार, 3 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:21, शिया 6:31
चौदहवां रोजा : बुधवार, 4 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:15, शिया-5:08

# 16 छात्र-छात्राओं ने छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण की



**शेरकोट (चिंगारी)।** नगर के आर.यू.एम. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 16 छात्र/छात्राओं ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन किया है। परीक्षा पास करने वाले सभी बच्चों को स्कूल स्टाफ ने फूल मालाओं व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने बताया कि गत 5 नवंबर को शासन द्वारा राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें उनके विद्यालय के 38 छात्र/छात्राएं शामिल हुए थे। रविवार को उक्त परीक्षा का परीक्षाफल घोषित होने पर समरीन परवीन, अबीरा परवीन, अदीबा परवीन, आफिया परवीन, भूमिका रानी, जकिया परवीन, सादिका परवीन, जहरा परवीन, अंजुम परवीन, मरयम परवीन, कहकशा परवीन, शिफा परवीन, मो. अबुल हसन, शुभहान अहमद, मोहम्मद अम्मार ने सफलता प्राप्त की है। सोमवार को इस उपलक्ष में एक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों को शिक्षकों ने सम्मानित किया। प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने छात्र-छात्राओं की इस सफलता का श्रेय अभिभावकों और शिक्षको को देते हुए बताया कि सफलता प्राप्त करने वाले इन सभी बच्चों को शासन द्वारा 4 वर्ष तक 1000 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति दी जाएगी। स्कूल प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर बच्चों को इस परीक्षा की तैयारी कराने वाले शिक्षक मौ रिजवान का भी फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर अरशद हुसैन, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद आलम अंसारी, मोहम्मद शहजाद, शकील अहमद, रईस अहमद, रिहान अहमद, मोहम्मद इकबाल, उसमान अहमद, लिपिक अबरार अहमद आदि स्टाफ मौजूद रहा।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero



MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें 10,000
रुपये का कैश डिस्काउंट



फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एग्जीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार

कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## बंजर भूमि की समस्या

प्राकृतिक और मानव-जनित कारणों के चलते आज खेती, पशुपालन, गोबर व जंगल सभी पर खतरा है। पेयजल संकट गहरा रहा है। ऐसे में केन्द्र व राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों के कब्जे में पड़ी ढेर सारी अनुत्पादक भूमि के विकास के लिए पर्याप्त पहल नहीं किया जाना एक विडंबना ही है। आज सरकार बड़े औद्योगिक घरानों को तो बंजर भूमि सुधार के लिए आमंत्रित कर रही है, लेकिन इस कार्य में छोटे काश्तकारों की भागीदारी के प्रति उदासीन है। देश में लगभग तीन करोड़ 70 लाख हेक्टेयर बंजर भूमि ऐसी है, जो कृषि योग्य समतल है। अनुमान है कि प्रति हेक्टेयर 2500 करोड़ रुपये खर्च कर इस पर फसल उगाई जा सकती है। यानी यदि 9250 करोड़ रुपये खर्च किए जाएं तो कुल कृषि भूमि की 26 प्रतिशत यह जमीन खेती लायक बनाई जा सकती है। फिलहाल इतनी राशि सरकारी तौर पर पर एकमुश्त मुहैया हो पाना कठिन है। ऐसे में भूमिहीनों को मालिकाना हक देकर उस जमीन को कृषि योग्य बनाना देश के लिए क्रांतिकारी कदम होगा। इससे कृषि उत्पादन बढ़ेगा, लोगों को रोजगार मिलेगा और पर्यावरण रक्षा भी होगी। इससे जमीन का क्षरण रुकेगा और हरी-भरी जमीन पर मंडरा रहे संकट के बादल छटेंगे। चूंकि जहां बेकार बंजर भूमि अधिक है, वहां गरीबी-बेरोजगारी भी है, नए कारखाने लगने से इन इलाकों की आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी।

## होली व ईदुल फित्र मिल-जुलकर मनायें

चांदपुर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ विकास क्षेत्र जलीलपुर की बैठक में रंगों के त्योहार होली व ईद उल फितर को मिल जुलकर भाईचारे के साथ मनाये जाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली पर्व धूमधाम के साथ मनाया। यहां स्याऊ रोड स्थित विनय कुमार वर्मा के आवास पर संगठन के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक शमीम अहमद की अध्यक्षता एवं ब्लाक महामंत्री जावेद खलील के संचालन में आयोजित बैठक में संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष कमलकांत, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष गिरीश कुमार, विनय कुमार, धीरेन्द्र प्रधान, देवेन्द्र कुमार, मुकेश यादव, रामपाल सिंह, रिक्की सिंह, मौ. अजहर, इमरान खान, राजदीप कुमार, हारून अहमद, शलभ अग्रवाल, कमल गौतम, अनुज प्रताप सिंह, गौरव चौहान आदि मौजूद रहे।

# अनुमान से अधिक लंबा खिंच सकता है ईरान-अमेरिका युद्ध

**चीन की भूमिका स्थिति को और जटिल बना रही है। जनवरी की रिपोर्टों के अनुसार, चीन ने ईरान को सैन्य उपकरणों की एक बड़ी खेप भेजी है। फिर भी, यह संघर्ष अभी एक क्षेत्रीय युद्ध में बदल जाए यह जरूरी नहीं है। जहां अमेरिका को घरेलू राजनीतिक दबाव के साथ-साथ खाड़ी और अन्य क्षेत्रों में अपने सैन्य ठिकानों की सुरक्षा का भी दबाव झेलना पड़ रहा है।**

**जयंत राय चौधरी**

इजरायल और अमेरिका की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में शनिवार को ईरान के शीर्ष नेतृत्व के मारे जाने से शुरू हुआ अमेरिका-ईरान युद्ध उम्मीद से कहीं अधिक लंबा खिंच सकता है। कई लोग इसके छोटा और निर्णायक होने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन ईरान पश्चिमी देशों के अनुमानों से कहीं अधिक मजबूती से मुकाबला कर रहा है। अमेरिका और इजरायल ने शनिवार को ईरान में समन्वित हमले कर परमाणु सुविधाओं, सैन्य बुनियादी ढांचों, नौसैनिक अड्डों और वरिष्ठ नेताओं को निशाना बनाया था, तुरंत इसका जवाब देते हुए ईरान ने भी खाड़ी में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किये, जिसमें तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। इसके बाद अमेरिका ने फिर से जवाबी कार्रवाई का संकल्प दोहराया है। सोमवार तक इस संघर्ष को शुरू हुए कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन इसकी दिशा पहले से ही एक लंबे और जोखिम भरे युद्ध की ओर इशारा कर रही है।



पश्चिमी कमान के पूर्व फ्लैग-ऑफिसर-कमांडिंग वाइस एडमिरल शेखर सिन्हा (सेवानिवृत्त) ने यूनीवार्ता को बताया, ईरानियों का प्रतिरोध का एक लंबा इतिहास रहा है। ईरान के पास मिसाइलों और ड्रोन का विशाल भंडार है और उनके सैन्य कारखाने उत्पादन बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा, ऐसे संकेत हैं कि रूस और चीन ने अपनी आपूर्ति लाइनें खोल दी हैं। मुझे डर है कि यह युद्ध कई लोगों के अनुमान से कहीं अधिक लंबा होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका की ओर से युद्ध के स्पष्ट लक्ष्यों की कमी के कारण भी शांति बहाली में मुश्किलें आ सकती हैं। अमेरिकी लगातार अपना लक्ष्य बदलते रहे हैं- कभी ईरान का परमाणु निरस्त्रीकरण, कभी मिसाइल कार्यक्रम को खत्म करना, तो कभी सत्ता परिवर्तन। रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (आईडीएसए) के पूर्व उपमहानिदेशक मेजर जनरल आलोक देब ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा, सत्ता परिवर्तन मुश्किल है, क्योंकि ईरान के पास सैन्य और नागरिक नेतृत्व का एक बड़ा समूह है, जिसे नौकरशाही का भी समर्थन प्राप्त है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सोचना भी गलत हो सकता है कि ईरानी जनता शीर्ष नेताओं की हत्या का फायदा उठाकर सत्ता के खिलाफ विरोध कर देगी। ईरान एक प्राचीन राष्ट्र है जिसमें राष्ट्रवाद की भावना कूट-कूटकर भरी है, वहां के लोग स्थिरता के बदले अराजक सत्ता परिवर्तन को कभी नहीं चुनना चाहेंगे। इसके अलावा, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या ने स्थितियों को और अधिक जटिल बना दिया है। रणनीतिक विश्लेषक ब्रह्मा चेलानी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस हत्या ने कर्बला में इमाम हुसैन की शहादत की याद दिलाने वाली शहादत और प्रतिरोध की शिया अवधारणा को सीधे तौर पर जगा दिया है। श्री चेलानी को लगता है कि ईरान जनता के इस दुख को किसी भी हाल में अनदेखा कर देने के पक्ष में नहीं है। अब किसी भी असहमति को सर्वोच्च नेता के हत्यारों के साथ मिलीभगत करार दिया जा सकता है। श्री खामेनेई की मृत्यु के बाद ईरानी शासन का सैन्य और धार्मिक आग्रह और बढ़ सकता है।

सबसे बड़ा खतरा बदले की भावना में छिपा है। यदि ईरान को लगता है कि अमेरिकी हमले उसके अस्तित्व के लिए खतरा हैं, तो वह एक व्यापक युद्ध की ओर बढ़ सकता है। वह तेल संपत्तियों पर हमले कर सकता है, होर्मुज जल डमरू मध्य की नाकेबंदी कर तेल के वैश्विक परिवहन को बाधित कर सकता है, जो अंततः वैश्विक संकट में बदल जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से चार सप्ताह की समय सीमा का सुझाव दिया है, लेकिन उनके संदेश स्पष्ट नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने ईरान के नये नेतृत्व के साथ सौदा करने की इच्छा भी जताई है। ईरानी अधिकारियों ने भी मिले-जुले संकेत दिये हैं, उन्होंने सैद्धांतिक रूप से बात करने की इच्छा तो जताई है, लेकिन साथ ही चेतावनी दी है कि सिर पर बंदूक रखकर बातचीत संभव नहीं है। एडमिरल सिन्हा ने कहा, हमारे आकलन के अनुसार ईरान अपने हमलों में चयनात्मक होगा और आसानी से हार नहीं मानेगा।

चीन की भूमिका स्थिति को और जटिल बना रही है। जनवरी की रिपोर्टों के अनुसार, चीन ने ईरान को सैन्य उपकरणों की एक बड़ी खेप भेजी है। फिर भी, यह संघर्ष अभी एक क्षेत्रीय युद्ध में बदल जाए यह जरूरी नहीं है। जहां अमेरिका को घरेलू राजनीतिक दबाव के साथ-साथ खाड़ी और अन्य क्षेत्रों में अपने सैन्य ठिकानों की सुरक्षा का भी दबाव झेलना पड़ रहा है। वहीं ईरान में भी जान-माल का नुकसान उसे बातचीत की ओर धकेल सकता है। अंततः यह युद्ध दोनों पक्षों के गोला-बारूद के भंडार पर निर्भर करेगा, जब तक कि पूरी दुनिया हस्तक्षेप न करे और दोनों पक्षों को शांति के लिए सहमत न किया जाये।

## अगर हम किसी काम में विशेषज्ञ हैं तो हमें विनम्र भी होना चाहिए!

**प्रेरक-प्रसंग**

चंद्रशेखर वैंकट रमन एक युवा डॉक्टर से बात कर रहे थे। रमन जी कह रहे थे, भौतिक शास्त्री होने के कारण फिजिकल साइंस के आधार पर मैं बहुत सी चीजें जान गया हूं, मैं फिजिक्स का जानकार हूं, लेकिन बहुत सी चीजें ऐसी हैं जो शारीरिक क्रिया से संबंधित हैं। हमारी फिजिक्स की फील्ड में कभी-कभी हमें ये समझ नहीं आता है तो मैं आपसे उन क्रियाओं के बारे में जानना चाहता हूं। क्या आप मुझे थोड़ा समय दे सकेंगे? युवा डॉक्टर ने हाथ जोड़ते हुए कहा, आप भारत के प्रसिद्ध भौतिक शास्त्री हैं, आपको नोबल पुरस्कार मिला हुआ है। आपके काम को बहुत मान्यताएं दी गई हैं, आपके काम को रमन प्रभाव के नाम से जाना जाता है और आप मुझसे पूछ रहे हैं। रमन जी बोले, देखिए हम हमारी फील्ड में मास्टर हैं और आप आपकी फील्ड में। मुझे आपके विषय की कुछ जानकारी लेना है तो आप बताइए मैं कब आपके पास आ जाऊं? डॉक्टर ने कहा, आप मत आइए, मैं खुद आपके पास कुछ पेपर्स लेकर आ जाऊंगा और आप जो जानना चाहते हैं, वह बता दूंगा।

# सामाजिक सौहार्द और समरसता का प्रतीक है होली पर्व : खांडेकर

## होली मिलन समारोह में शामिल हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रांत, विभाग व जिले के कार्यकर्ता

**मेरठ (चिंगारी)।** विश्व हिंदू परिषद की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए क्षेत्र संगठन मंत्री मुकेश खांडेकर ने कहा होली पर्व सामाजिक सौहार्द और समरसता का प्रतीक है। भारतवर्ष में आयोजित होने वाले उत्सव, त्यौहार, तीर्थयात्रा दर्शन, परंपरा हिंदुओं की आत्मा में बसी है।

सोमवार को विश्व हिंदू परिषद मेरठ प्रांत की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम बहुत ही भावनात्मक रूप से महानगर के आईआईएमटी कॉलेज के प्रांगण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र प्रचारक श्रीमान महेंद्र, क्षेत्र संगठन मंत्री श्रीमान मुकेश खांडेकर, स्वामी यशवीर जी महाराज, प्रांत संगठन मंत्री श्रीमान अरुण पांचजन्य, प्रांत मंत्री श्रीमान राजकुमार जी ने भारत माता के चित्र पर संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मेरठ प्रांत के सभी जिला महानगरों से पहुंचे प्रांत विभाग जिला के कार्यकर्ता बन्धुओं को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता क्षेत्र संगठन मंत्री श्रीमान मुकेश खांडेकर ने कहा भारतवर्ष का प्रत्येक हिंदू समरसता के भाव से त्यौहारों को मानता है। मिडिल ईस्ट में होली हो रही है। वैसी ही होली 1947 में इस देश के वीर सपूतों ने खेलकर इस देश को आज़ाद कराया था।





कार्यक्रम में भावपूर्ण हनुमान चालीसा का पाठ, किया गया। अनिलचंद्र द्विवेदी व राजीव कुमार ने काव्य पाठ कर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। वहीं आईआईएमटी कॉलेज की छात्राओं ने राधा कृष्ण वह होली के भजनों पर नृत्य कर सभी को भाव विभोर कर दिया। मुक्ताकाश संस्थान से आए बच्चों ने भक्त प्रहलाद पर नाट्य प्रस्तुत कर होली का ऐतिहासिक महत्व एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उपस्थित कार्यकर्ताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम उपरांत जिला महानगरों से आयकार्यकर्ता बंधुओं ने फूलों और गुलाल की होली खेल कर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर मिष्ठान खिलाया। इस अवसर पर रविंद्र लाम्बा, छाया बहन प्रांत उपाध्यक्ष, जिंतेंद्र चौधरी, अमित जिंदल, मनोज सिरोहा प्रांत सहमंत्री, प्रांत संयोजक निमेष वशिष्ठ, प्रांत संयोजिका अलका तेवतिया, दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका काजल बहन, प्रांत प्रचार प्रमुख ललित जोशी, विभाग मंत्री सुधीर अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## काशीरामपुर पहुंचे खुर्शीद मंसूरी, हालात की जानकारी ली पूरी

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी व नगर पंचायत साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मंडावली क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर का दौरा किया। उन्होंने गांव में पीड़ितों से मिलकर कैंसर की बीमारी के कारण हुई मौतों की जानकारी ली। उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। ग्राम प्रधान छोटे सिंह, पंचायत सेक्रेट्री महेश कुमार के साथ मनीष, शेर सिंह, छत्रपाल आदि ग्रामीणों से मुलाकात कर पिछले करीब 12 सालों में अब तक 28 कैंसर पीड़ितों की मौत के विषय में विस्तृत जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी के गंदे पानी की निकासी की व कूड़ा निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है। हैंडपंप का पानी भी पर्याप्त गहराई से न होने के कारण स्वच्छ पेयजल की समस्या गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों ने गांव में अभी तक कैंसर स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम के नहीं आने पर नाराजगी जताते हुए खुर्शीद मंसूरी को अवगत कराया। खुर्शीद मंसूरी ने ग्राम काशीरामपुर गांव में कैंसर की बीमारी फैलने व इससे मौते होने को एक गंभीर समस्या बताया। उन्होंने बताया कि वह इस संबंध में जिलाधिकारी जसजीत कौर व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह से मुलाकात कर ग्रामीणों की समस्याओं को दूर कराने का प्रयास करेंगे। उनके साथ आसपा के नजीबाबाद विधान सभा प्रभारी अशोक कुमार, नसीम एडवोकेट, परवेज अहमद आदि मौजूद रहे।



काशीरामपुर का दौरा करते आसपा नेता खुर्शीद मंसूरी।



सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान** की दिली मुबारकबाद

**विवेक सेन**



सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20

तेरहवां रोजा : मंगलवार, 3 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:21, शिया 6:31
चौदहवां रोजा : बुधवार, 4 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:15, शिया-5:08

## गन्ना छीलने जा रही महिला पर गुलदार ने किया हमला

### गंभीरावस्था में हायर सेंटर रैफर

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** खेत में गन्ना छीलने गई महिला पर गुलदार ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पास में ही मौजूद मजदूरों ने शोर मचाकर किसी तरह उसे गुलदार के चंगुल से छुड़ाया।



अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर/टांडा निवासी सुक्खे खां की पत्नी मोमिना परवीन (50 वर्ष) सोमवार की सुबह मुरलीवाला फार्म स्थित जीवन सिंह के खेत में गन्ना छीलने जा रही थी। खेत की मेढ़ पर थकान दूर करने बैठ गयी। इसी बीच गन्ने के खेत से आए गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल मोमिना परवीन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रैफर किया है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा का कहना है कि सूचना मिलते ही मौके पर वनकर्मियों की टीम पहुंच गई। गुलदार को पकड़ने के लिए घटनास्थल के पास पिंजरा लगा दिया गया है। उधर शिवसेना के जिला प्रमुख संजय राणा ने दो घंटा लेट पहुंची सरकारी एंबुलेंस की ढुलमुल व्यवस्था पर भी रोष व्यक्त किया और देरी के लिए संबंधित एंबुलेंस चालक एवं दोषी स्टाफ के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की।

## मीरी पीरी अकेडमी में चुने गये छात्र पदाधिकारी



**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** अगवानपुर स्थित मीरी-पीरी खालसा अकेडमी में छात्र नेतृत्व के नये पदाधिकारियों का चुनाव बड़े जोश और अनुशासन के माहौल में किया गया। इस अवसर पर अनंत दीप को हेड बॉय और गुरवीन कौर को हेड गर्ल चुना गया। प्रधानाचार्य मनप्रीत सिंह संधु ने बताया कि शिक्षकों जसपाल सिंह और जगदीप सिंह की निगरानी में विभिन्न हाउसों के कप्तानों का चयन किया गया। हरि सिंह नलुआ हाउस की कमान गुरकीरत सिंह को सौंपी गई। बाबा बंदा सिंह बहादुर हाउस के कप्तान गुरमन सिंह बने। बाबा दीप सिंह हाउस की जिम्मेदारी रणजीत सिंह को दी गई, जबकि अकाली फूला सिंह हाउस के कप्तान अभिराज सिंह चुने गए। इन हाउसों के उपकप्तान के रूप में मनदीप कौर, नवनीत कौर, खुशप्रीत कौर और पवनीत कौर को जिम्मेदारी दी गई, जो हाउस गतिविधियों में कप्तानों का सहयोग करेंगी। स्कूल की सहपाठ्यक्रम गतिविधियों के लिए भी विद्यार्थियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गईं। पर्यावरण क्लब की जिम्मेदारी एंजल पवार को दी गई। वॉलीबॉल टीम के कप्तान मोहम्मद शोएब चुने गए, जबकि कबड्डी टीम की कमान रूद्र को सौंपी गई। सांस्कृतिक और संगीत गतिविधियों की कप्तान हरलीन कौर बनीं और गतका टीम का नेतृत्व गुरमन्नत कौर करेंगी।

# धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह



योग करो हंसमुख रहो संस्था के पदाधिकारी व मंडी युवा व्यापार संगठन के व्यापारी होली मिलन समारोह मनाते हुए।

**धामपुर ( चिंगारी )।** फल चौक स्थित लाला केदारनाथ अग्रवाल की धर्मशाला में 'योग करो हंसमुख रहो' संस्था द्वारा होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह में अशोक गोयल उर्फ गौरूलाल, महंत विजय वर्मा, अशोक अग्रवाल (हौंडा), सतीश वर्मा, महंत पीयूष अग्रवाल, संजय अग्रवाल मुनिया, पुनीत गर्ग, अंकित गुप्ता, मनोज गुप्ता, श्रीमती अर्चना रानी, अंजू अरोड़ा, पंकज अग्रवाल, रचना अग्रवाल, रेखा रानी, मास्टर महेंद्र पाल सिंह, सुभाष मोदी, सुनील अग्रवाल पचरंगी, रविकांत शर्मा सहित अनेक बच्चे भी शामिल रहे। इसके अलावा बड़ी मंडी में मंडी युवा व्यापार संगठन के तत्वावधान में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री बालाजी धाम के महंत राहुल अग्रवाल, हनुमत सेवा प्रचार मण्डल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, डॉ. आदित्य अग्रवाल, धामपुर भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, सुमित शर्मा का पगड़ी पहनाकर एवं रंग गुलाल लगा कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम बड़ी मंडी स्थित राजगढ़ियों की धर्मशाला से शुरू हुआ और मंडी के सभी व्यापारिओं एवं मेन मार्किट मंडी का भ्रमण कर सभी व्यापारियों को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने मे संगठन के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष विपुल जैन, महामंत्री नवनीत धनोरिया, कोषाध्यक्ष मनोज धनोरिया का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में संतोष धनोरिया, महेंद्र धनोरिया, विजय धनोरिया, संजीव जैन, विजय जैन, संजय अग्रवाल, सचिन सिंघल, विकास अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, मोहित आर्य, विकास अग्रवाल, वंदित जैन, सुधाकर जैन, निखिल जैन, आयुष जैन, मनोज जैन, विकास जैन, संयम जैन, वत्सल जैन, सीताराम शर्मा, सनी छावड़ा, अभिषेक मोदी, राघव अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, रवि अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, नमन अग्रवाल आदि व्यापारी शामिल रहे।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान
की दिली मुबारकबाद
मो. ग़ाज़ी
पूर्व विधायक, शेरकोट
तेरहवां रोजा : मंगलवार 03 मार्च
इफ्तार सुन्नी 6:21, शिया 6:31
चौदहवां रोज़ा : बुधवार, 04 मार्च
सहरी- सुन्नी 5:15 शिया 5:8





# महिला प्रेम मंडल ने मनाया होली महोत्सव

## रश्मि चौहान बनी होली क्वीन



**धामपुर ( चिंगारी )।** महिला प्रेम मंडल द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल और पुष्प वर्षा करके होली खेली। टीचर कॉलोनी स्थित सत्संग भवन में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित और गणेश वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके बाद महिलाओं ने ढोलक की थाप पर जमकर नृत्य किया और रंग गुलाल और पुष्प वर्षा कर एक दूसरे को रंगों से सराबोर और कर दिया। राजरानी बिन्दल ने कहा कि होली उमंग मस्ती भाईचारे का त्यौहार है, इसमें सब एक दूसरे की नाराजगी दूर कर एक दूसरे को गले लगाते हैं और होली का त्योहार धूमधाम से मनाते हैं। होली मिलन में होली क्वीन का चुनाव किया गया, जिसमें रश्मि चौहान को होली क्वीन चुना गया। उनको पुरस्कार देकर और ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में उमा रानी, सुधा ठाकुर, राजरानी बिंदल, नीलम सक्सेना, नीतू दीक्षित, शशि, श्वेता, सुमन चौहान, कुंती देवी, हेमलता, अर्चना, रश्मि वर्षा, रानी, शोभा, नीलू, सुमित्रा, संगीता, जयमाला, प्रभा लीलावती आदि शामिल रहीं।

सभी देशवासियों को
मुकद्दस रमज़ान
की दिली
मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष सपा
रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
पूर्व जिला सचिव
समाजवादी पार्टी, बिजनौर
रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
तेरहवां रोजा : मंगलवार 03 मार्च
इफ्तार सुन्नी 6:21, शिया 6:31
चौदहवां रोज़ा : बुधवार, 04 मार्च
सहरी- सुन्नी 5:15 शिया 5:8





# अपने माल की सही-सही ज़कात अदा करें मुसलमान : मौलाना शफ़ीक़



मौलाना शफीक तकरीर करते हुए।

**धामपुर ( चिंगारी )।** मुकद्दस रमजान माह में तरवीह नमाज़ मे कुराने करीम के तीस सिपारों को याद कर सुनाने ओर मुकम्मल होने का सिलसिला शुरु हो गया है। उलेमाओ ने मुसलमानो से रमजानुल मुबारक के महीने मे अपने माल की सही-सही ज़कात अदा कर अल्लाह और उनके नबी की सुन्नतों पर अमल कर ज़िंदगी गुज़ारने की ताक़ीद की। नगर के मोहल्ला कहारान मछली बाजार स्थित डॉ. आरिफ सैफी के आवास पर दीनी तरावीह मुकम्मल हुई, जिसमे मेहमाने खुसूसी मौलाना शफ़ीक़ ने मुसलमानो को पाक महीने मे कुराने करीम को उतारने का अल्लाह का मकसद उसकी ज्यादा से ज्यादा इबादत कर पांच वक्त की नमाज़ के साथ तीस रोज़ो को भी रखने का हुकम बताया है। उन्होंने मुसलमानो से दीनी व दुनियावी तालीम को हासिल किये जाने का आह्वान करते हुए अपनी ज़िंदगी मे पांच वक्त की नमाज़ पाबंदी के साथ अदा किये जाने पर ज़ोर दिया। आखिर मे दुनिया मे अमनो अमान व देश की तरक्की के लिए अल्लाहताला की बरगाह में हाथ उठाकर दुआ मांगी। तरवीह नमाज़ में मौलाना अब्दुल रज़्ज़ाक़ ने कुराने करीम के तीस सिपारों को कंठस्थ कर 12 दिनों तक सुनाया। मौलाना मोहम्मद आमिर ने गलतियों की दुरुस्त कराकर सही पढ़ने मे मदद की। इस मोके पर शहर इमाम मुफ़्ती मुहम्मद कमर कासमी, हाजी रफीक अहमद, हाजी शफ़ीक़ अहमद, हाजी मोहम्मद ज़ाहिद, बशर, सेफुल्ला, मौलाना इदरीस, डॉ. आरिफ सैफी, डॉ. कमाल अहमद, कारी राशीद हमीदी, मुफ़्ती खालिद, मुफ़्ती दानिश, मौलाना नईम, हाफ़िज़ नूर आलम, अब्दुल वासीद, फैज़ान अंसारी, गय्यूर अली खान, मौहम्मद जावेद, आफ़ताब शेख, उस्मान, मौहम्मद शानू, उरूज, नौशाद, हाजी अनीसूर रहमान, हाजी ज़ाहिद हुसैन, मुफ़्ती मौहम्मद, हस्सान आदि शामिल रहे।

# हंगामा लोक समिति ने मनाया होलिकोत्सव




हंगामा लोक समिति ने मनाया होली उत्सव।

**धामपुर ( चिंगारी )।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति की संस्थापिका राखी कौशिक /उपासना कौशिक, संस्था की संरक्षक निर्मला कौशिक द्वारा होलिकोत्सव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रुद्रप्रयाग से पधारी उपासना ठाकुर द्वारा राधा कृष्णा की मूर्तियों के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में सुषमा रस्तौगी, विमला भटनागर, सृष्टि ठाकुर, ख़ुशी, उपासना, आशा गोस्वामी, अनिता, कविता, रामकली, सुनीता गोस्वामी, तारा जोशी, स्नेहि रस्तौगी, वंश, सृष्टि अग्रवाल, श्याम, अनमोल, मृदुल, आयुष, ऐश्वर्या आदि के द्वारा होली के गीतों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक दूसरे को गुजिया खिलाकर गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दी।

# जिले में 1885 स्थानों पर हुआ होली दहन, मुस्तैद रहा प्रशासन

**बिजनौर (चिंगारी)।** सोमवार की देर रात जिले भर में लगभग 1885 स्थानों पर होलिका दहन का आयोजन पारंपरिक रीति-रिवाज एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ। नगरों, कस्बों एवं ग्रामीण अंचलों में लोगों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया तथा सुख-समृद्धि एवं अमन-चैन की कामना की। होलिका दहन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिस कारण जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। प्रशासन द्वारा जनपद को विभिन्न सेक्टरों में



विभाजित कर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। प्रत्येक सेक्टर में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई थी, जबकि संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। होलिका दहन स्थलों पर अग्निशमन विभाग की गाड़ियां एवं आवश्यक उपकरण तैनात किए गए थे, जिससे किसी भी आकस्मिक स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिसकर्मियों को विशेष निर्देश दिये गए थे। प्रमुख चौराहों एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सतत निगरानी रखी गई। वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा रात्रि में विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

### कल मनाई जायेगी दुल्हैंडी

चंद्र ग्रहण के कारण इस वर्ष परंपरागत रूप से होलिका दहन से अगले दिन मनाया जाने वाला रंगों का त्यौहार इस बार एक दिन बाद यानि बुधवार को मनाया जायेगा। इसके मद्देनजर पुलिस प्रशासन दुल्हैंडी को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त बढ़ा दी गई है तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। रंगोत्सव से पूर्व जिलेभर में शांति समिति की बैठकों का आयोजन किया गया, जिनमें धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित कर त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों अथवा शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ड्रोन से की जायेगी निगरानी

होली के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रखा गया है। आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी प्रमुख स्थलों की निगरानी की जा रही है। यातायात



व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है, ताकि रंगोत्सव के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे पर्व को परंपरागत मर्यादाओं एवं कानून के दायरे में रहकर मनाएं, किसी भी प्रकार के हुड़दंग या अशोभनीय कृत्यों से बचें तथा असामाजिक तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। साथ ही, बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई है। जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए होलिका दहन एवं प्रशासन की सतर्कता से नागरिकों में सुरक्षा का भाव बना हुआ है। अब जिलेभर में दुल्हैंडी का पर्व पूरे उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाए जाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## डीएम व एसपी ने किया पैदल गश्त

**बिजनौर (चिंगारी)।** होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी जसजीत कौर एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा बिजनौर नगर में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने होलिका दहन स्थलों का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन प्रबंध, भीड़ नियंत्रण, संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों की निगरानी तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। दोनों अधिकारियों ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कंट्रोल रूम को सक्रिय



रखने के आदेश दिये। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बताया कि त्योहार के दौरान नगर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर सहित जनपद के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं थाना प्रभारी भी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा की गई। संयुक्त कार्रवाई से नगरवासियों में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बना हुआ है।

## नकस ने होली मिलन कार्यक्रम मनाया किसी ने ग़ज़ल, किसी ने भजन सुनाया



**बिजनौर (चिंगारी)।** नगर कल्याण समिति (नकस) द्वारा होली मिलन समारोह नगर कल्याण समिति ने अपना होली मिलन समारोह शानदार ढंग से सुनील गोयल के सौजन्य से मनाया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम नृत्य, कविता, भजन,ढोलक,गजल, मोनो एक्टिंग आदि कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती राजुल त्यागी के द्वारा किया गया। डॉ. सुमन चौधरी ने होली पर कविता ,छवि कौशल एवं महिमा भटनागर द्वारा भजन एवं नृत्य, डॉ. मंजुला,शालू वार्ष्णेय, पुष्पा ठाकुर, वरदायिनी, विंध्यवासिनी, पूनम कौशल द्वारा नृत्य,शिखा गुप्ता,नीरा अग्रवाल द्वारा भजन, अनीता चौधरी एवं शोभना सिंह,हसन अब्बास द्वारा गजल, संतराम द्वारा कविता पाठ एवं ढोलक, रितेश भटनागर द्वारा कविता, डॉ. मीना बख्शी एवं भरत भूषण द्वारा होली की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। कार्यक्रम में अनिल चौधरी एडवोकेट,रणवीर त्यागी एडवोकेट,राजीव अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल,अक्षत आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रितेश भटनागर ने दी।

## भाकियू जिला अध्यक्ष ने आयोजित किया होली मिलन समारोह



**बिजनौर (चिंगारी)।** ग्राम काजीवाला में भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष चौधरी सुनील प्रधान द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं किसान साथी उपस्थित रहे और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर चौधरी सुनील प्रधान ने उपस्थित सभी किसान साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में एकता एवं संगठन की मजबूती को दर्शाते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोनू प्रधान, गौरव कुमार जंघाला (प्रदेश उपाध्यक्ष), बंटी चौधरी मायापुरी, नीटू चौधरी मायापुरी, रजनीश आहलावत, लोटन लम्बा, ऋषभ कुमार, नरेश सिंह, मोहित कुमार, जोगिंदर सिंह, शिवम, जीतू कुमार, हिमांशु, सोनू, संजीव कुमार, भोपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, छत्रपाल सिंह, दिनेश सिंह, अरविंद कुमार, विपुल चौधरी, परनीत कुमार, अखिलेश कुमार, दीपक कुमार, सुरेश सिंह, शुभम सिंह सहित अनेक किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने संगठन की मजबूती एवं किसान हितों के लिए एकजुट रहने का संकल्प लिया।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
(उत्तर प्रदेश सरकार)
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

तेरहवां रोजा : मंगलवार, 3 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:21, शिया 6:31
चौदहवां रोजा : बुधवार, 4 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:15, शिया-5:08

# नगीना में होली मिलन समारोह रहा बेमिसाल, होली के गीतों पर खूब उड़ाया गुलाल



हवन होली रंग गुलाल समिति द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में पदाधिकारियों को पगड़ी बांधकर सम्मानित करते आयोजक।

**नगीना ( चिंगारी )।** हवन होली रंग गुलाल समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में समिति के कार्यकर्ताओं ने फूलों की जमकर होली खेली। इस मौके पर गाए गए होली के गीतों पर जमकर गुलाल उड़ाया गया। समिति के कार्यकर्ताओं ने सभी पदाधिकारियों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया।

रात्रि धामपुर मार्ग स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित होली मिलन उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ में समिति के अध्यक्ष व भाजपा नेता प्रमोद चौहान ने सबसे पहले विहिप के नगर अध्यक्ष कुंवर अमरजीत सिंह को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। इसके बाद प्रभातचंद गुप्ता, विहिप नेता प्रदीप गर्ग, श्री अग्रवाल सभा के प्रधान शीतल अग्रवाल, पंडित सचिन शर्मा, आरएसएस नेता संजय वर्मा, एडवोकेट हेमंत चौहान, भाजपा नेता मुकेश राजपूत उर्फ बाबू, युवा सराफ साहू सुयश अग्रवाल, अविरल मित्तल, मोहित गोयल, भाजपा नेता रोहित रवि, सौरभ मित्तल, हर्ष गोयल, दीपक अग्रवाल आदि को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। होली उत्सव का कार्यक्रम सनातन परम्परा का पालन करते हुए उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। होली मिलन में लोगों ने गुलाल व फूलों से खूब होली खेली ओर होली के गानों पर जमकर थिरके।

समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान ने बताया कि चार मार्च को निकलने वाले होली के सूखे रंग गुलाल के जुलूस को शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से निकाले जाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि हवन होली रंग गुलाल समिति काफी वर्षो से सूखे रंग का जुलूस पूरी सनातनी परम्परा से निकाल रही है। बताया कि हर वर्ष यह जुलूस देवता मंदिर से हवन पूजन करने के पश्चात लगभग प्रातः सात बजे प्रारम्भ होता है व मुख्य बाजार से होता हुआ दोपहर 12 बजे से पूर्व स्टेशन पर जाकर समाप्त होता है। कार्यक्रम में दीपक अरोड़ा, साहू कपिल अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, शलभ गोयल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तहसील प्रचारक नरेश कुमार, नगर कार्यवाह अनमोल कंसल, बर्फ़ानी सेवा समिति के अध्यक्ष शितांशु अग्रवाल, भाजपा नगर उपाध्यक्ष लवी मित्तल, बाला जी सेवा मंडल के अध्यक्ष व गुरु जी सचिन अग्रवाल, अमित जैन विक्की, सचिन रुहेला, नवीन माहेश्वरी, अशोक अग्रवाल आदि ने हिस्सा लिया।

## गिले-शिकवे दूर करने का नाम है- होली!



होली एक ऐसा त्यौहार है, जो दुख को दूर करके मन को प्रफुल्लित करता है। होली का त्यौहार शरद ऋतु का अंतिम चरण और बसन्त ऋतु का आगमन होने पर यह पूर्णमासी को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। होली के दहन की एक मार्मिक कथा है। राजा हिरण्यकश्यप के पुत्र और भगवान विष्णु के परम भक्त प्रहलाद पर आधारित कथा पुराणों में लिखित है, जिस कारण होली के त्यौहार को मनाते हैं। होली अधर्म का नाश और धर्म की जीत का त्यौहार है। बसंत ऋतु में कुछ फसल जैसे गेहूं की फसल पक जाती है। नई फसल आने के कारण जलती हुई होली की अगिन में गेहूं की बालियों को होलो के रूप में बनाया जाता है, जिसको खाकर शरीर को एक नई ऊर्जा मिलती है। घर में सभी होलो को प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं, जिसके बाद नये अनाज को ग्रहण करने का प्रावधान है। एक-दूसरे का आपस में झगड़ा हो जाता है, तो होली के त्यौहार पर आपस में बैठक कर सभी झगड़ों को भुलाकर पश्चाताप करते हैं, सभी गिले-शिकवे दूर कर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर, गले मिलकर आपस में रंग और गुलाल लगाते हैं। होली की गीत गाते हैं, नाचते हैं, झूमते हैं। ऐसा है ये त्यौहार जिसका नाम है होली। होली का त्यौहार बड़ा ही सुख और आनंद का त्यौहार है, इसे बड़े ही धूमधाम और प्रेम सौहार्द के साथ शान्तिपूर्ण माहौल में मनाएं।

**प्रस्तुति- वैध ओमप्रकाश शर्मा**
**मंडावली, नजीबाबाद**

## चकबंदी कानूनगो विनोद मित्तल को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** चकबंदी विभाग में कार्यरत चकबंदी कानूनगो विनोद कुमार मित्तल को मुरादाबाद में विभाग द्वारा शानदार विदाई पार्टी दी गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता चकबंदी अधिकारी विनय श्रीवास्तव एवं संचालन राजीव पाठक (चकबंदी कर्ता) द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीडीसी ओमप्रकाश अंजोर तथा एओसी राजेन्द्र राम रहे। कार्यक्रम में विभाग के चकबंदीकर्ता संघ के अध्यक्ष विजय बहादुर त्यागी, महामंत्री राजीव पाठक तथा चकबंदी अधिकारी द्वारा विनोद मित्तल को शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभाग द्वारा उनकी पत्नी दीपा मित्तल, बहन सीमा अग्रवाल, पुत्री इशिता मित्तल को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। चकबंदीकर्ता संघ के पदाधिकारी ब्रह्म ज्योति गुप्ता, शैलेन्द्र विश्नोई, अशोक कुमार, वीरेन्द्र कुमार, सहायक चकबंदी अधिकारी मुकेश कुमार, रामअवतार सिंह, भगवान सिंह द्वारा फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त कानूनगो विनोद मित्तल ने अपने लगभग 28 वर्ष के कार्यकाल में विभागीय साथियों द्वारा किये सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि वह प्यार को कभी भुला नहीं पाएगे। उन्होंने विभाग द्वारा पार्टी दिए जाने पर सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चकबंदीकर्ता संघ के प्रदेश महामंत्री भूपेन्द्र चौहान, चकबंदीकर्ता संघ के जिला अध्यक्ष विजय बहादुर त्यागी, महामंत्री राजीव पाठक, ब्रह्म ज्योति गुप्ता, शैलेन्द्र विश्नोई, अशोक कुमार, वीरेन्द्र कुमार, सहायक चकबंदी अधिकारी मुकेश कुमार, भगवान सिंह, रामअवतार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## शुभ मुहूर्त में किया होलिका दहन

**शेरकोट ( चिंगारी )।** क्षेत्र के सभी गांव व नगर में परम्परागत ढंग से होलिका स्थल पर लकड़ियों व उपलों से कलावे बांधकर होलिका स्थल को सजाया गया। इस मौके पर छोटी-छोटी कन्याओं ने एकत्र होकर गाय के गोबर से निर्मित शुद्ध बुर्कले टोकरी भरकर होली स्थल पर पहुंचाये और होलिका दहन के लिए निर्माण में भाग लिया। होली का रंगोत्सव त्यौहार इस साल 4 मार्च को मनाया जाएगा, जबकि होलिका दहन गत रात्रि हुआ। होलिका दहन शुभ मुहूर्त के अनुसार किया गया। आचार्य पंडित कृष्ण कुमार कौशिक ने होलिका दहन को अवसाद व नकारात्मक ऊर्जा का दहन होना बताया। यह न केवल बुराई का अंत है, बल्कि एक नई सोच व ऊर्जा प्रदान करने वाला त्यौहार है, जो बुराई को जलाकर सत्यता की जीत का प्रतीक व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हिरण्यकश्यप की बहन होलिका और भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद की कथा से जुड़ा है। अलग-अलग स्थानों पर देर रात से सुबह सवेरे तक होली का दहन किया गया।





# क्यों! मोहे मारी पिचकारी..

-सुमन चौधरी 'सुमन'
बिजनौर



रंगों की बौछार, गुंझिया की बहार...हंसी-ठठ्ठा, दिल्लगी का बहाना लिए होली का त्यौहार फिर हाजिर है... ऐसा लगता है कि इस समय मानव मात्र ही नहीं ...अपितु प्रकृति के कण-कण में मस्ती घुल जाती है, दीवानों की भाषा में फागुन भी कुछ बौरा सा जाता है,.... शब्द भी इन्द्रधनुषी हो उठते हैं।

इस हाइटेक जमाने में भी होली के राग-रंग जिंदादिली के साथ फेसबुक, ट्विटर, वाट्सअप व अन्य सोशल नेटवर्क पर भी रंगों की बौछार कर रहे हैं, यानि यहां भी होली का हुड़दंग जारी है,..पर फाग की इस मस्ती भरे माहौल में भी कुछ ऐसे नजाकतदां और नफ़ासती टाइप के लोग हैं जो इसे कोसने से बाज नहीं आते, पर कोसते रहें, क्योंकि होली के दिवानों की सेहत पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, बल्कि उनका तो कहना है कि यह पर्व पानी में आग लगाने की कूवत रखता है..., तभी तो ये बेचारे साल भर बेसब्री से इसका इंतज़ार करते हुये कि कब होली आएगी, और कब पड़ौस वाली भाभी के साथ होली खेलने का मौका मिलेगा.. और ऊपर से भांग की तरंग, ऐसे में तो मुई मंहगाई भी गई भाड़ में..,कम से कम एक दिन तो बिना किसी भी औपचारिकता के मुखौटे उतारकर जीने का अवसर दे ही दे जाती है ये होली!



हां! बड़े शहरों में अब यह चलन कम हो गया है, पर छोटे शहरों में, कस्बों में तो अभी भी आम आदमी के अन्दर कम से कम एक दिन तो होली जी ही लेती है। हालांकि वैसे तो होली में सारे रंग मिलकर एक हो जाते हैं...पर कुछ नामुराद होली के बहाने कीचड़ का उपयोग करने से नहीं चूकते और आजकल तो क्या टीवी सीरियल, क्या विधानसभा, संसद आदि जगहों पर इस प्रचलन जोरों पर है, क्योंकि इसमें एक दाम भी नहीं लगता है और फिर रंग तो इतना चोखा आता है कि सामने वाला चाहे कितना भी फड़फड़ाए एकबारगी तो इसे रंग ही जाता है!

होली के रंग में मग्न देवधर बाबू अभी यह सब सोच ही रहे थे कि बाहर से हुरियारों की टोली ढोल बजाते हुए, गुलाल उड़ाते हुए बुरा ना मानो होली है, के शोर के साथ उनके दरवाजे पर दस्तक देने लगी और उन्हें भी अपने रंग में रंग डाला और वह भी उनके साथ होली भ्रमण पर निकल पड़े!

मौहल्ले की युवा टीम, चार बोतल वोदका काम मेरा रोज का पर मदमस्त होकर धरती तोड़ डान्स कर रही थी, किसी के कपड़े फटे थे, तो कोई अधनंगा ही खुद को सलमान खान सोचकर देह प्रदर्शन कर रहा था, युवा वर्ग ही नहीं अपितु कुछ अधेड़ भी होली के बहाने होली के राष्ट्रीय गीत-रंग बरसे भीगे चूनरवाली पर अपनी पूरी ताकत से मटक रहे थे, ...यह बात अलग है कि घुटने, कमर आदि चेतावनी दे रहे थे कि- बेटा! अब ये गलियां पीछे छूट चुकी हैं....पर फिर भी दिल तो बच्चा है जी.. सोचकर धमाल मचाने पर आमादा थे!

वही दुनिया की विसंगतियों से दूर छोटे बच्चे पिचकारियों में रंग भरकर आने-जाने वाले वर्ग के लोगों को रंगों से भिगो रहे थे,... रंग के गुब्बारे निशाना साधकर मारते और लगने पर खिल-खिलाकर हंसने लगते!

महिलाओं की... युवा लड़कियों की टोली भी पूरे पराक्रम दिखा रही थीं- डीजे. वाले बाबू, मेरा गाना बजा दे पर फरमाइशी प्रोग्राम चालू था, सारे चेहरे एक जैसे लग रहे थे, हंसी-ठठ्ठा जारी था... होली का शबाब अपने उफान पर था, होली के राग रंग के बीच जब देवधर बाबू घर पहुंचे तो पत्नी की गुनगुनाहट कानो मे मधुर रस घोल गई, क्यो मोहे मारी पिचकारी,

देखो, कुंवर जी! दूंगी मैं गारी!

# होली : जब जीवन बन जाता है इंद्रधनुष
## रंगों में घुला प्रेम का पर्व है होली

-मरगूब रहमानी

फाल्गुन की कोमल बयार जब सरसों के पीले फूलों को सहलाती हुई बहती है, तब धरती स्वयं रंगों की चुनरी ओढ़ लेती है। आम्र-मंजरियों की सुगंध और टेसू के फूलों की आभा के बीच मानव मन भी उल्लास की नई परिभाषा गढ़ने लगता है। इसी उल्लास का सजीव उत्सव है होली, जो केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आत्माओं के मिलन और हृदयों के उजास का महोत्सव है। होली की अग्नि में होलिका का दहन केवल एक पौराणिक घटना नहीं, बल्कि असत्य, द्वेष और अहंकार के जल जाने का प्रतीक है। प्रह्लाद की अडिग भक्ति हमें यह संदेश देती है कि विश्वास की लौ कभी बुझती नहीं। इस कथा के आलोक में होली मनुष्य को आत्मशुद्धि और सद्भाव का मार्ग दिखाती है। इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता इसकी समरसता है। यहां न कोई ऊंचा है, न नीचा, न धनी है, न निर्धन। बालक अपनी पिचकारी में आकाश भर लेते हैं और वृद्धों की आंखों में स्मृतियों के रंग उतर आते हैं। ढोलक की थाप पर फागुन की तानें गूंज उठती हैं, गलियां हंसी से भर जाती हैं और घर-आंगन मिठाइयों की सुवास से महक उठते हैं। परंतु होली का सौंदर्य तभी पूर्ण होता है जब उसमें मर्यादा का रंग घुला हो। प्राकृतिक और हर्बल रंगों का प्रयोग स्वास्थ्य के लिए मंगलकारी है और प्रकृति के प्रति हमारे कर्तव्य का प्रतीक भी। जल का विवेकपूर्ण उपयोग हमें सिखाता है कि उत्सव में भी संयम आवश्यक है। किसी की इच्छा के विरुद्ध रंग लगाना, उन्माद में शालीनता भूल जाना या मदिरा के प्रभाव में अनुशासन तोड़ना, होली की आत्मा को मलिन कर देता है। इस दिन आंखों और त्वचा की रक्षा करना, बच्चों, वृद्धों और असहायों का ध्यान रखना तथा यातायात में सावधानी बरतना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। रंगों की मस्ती में यदि संवेदनशीलता का अभाव हो जाए, तो उत्सव बोझ बन जाता है, इसलिए आवश्यक है कि हम हंसी के साथ मर्यादा और आनंद के साथ उत्तरदायित्व को अपनाएं। होली हमें यह सिखाती है कि जीवन एक कोरा कैनवास है और हमारे कर्म उसके रंग हैं। यदि हम उसमें प्रेम का लाल, करुणा का नीला और संयम का श्वेत मिला दें, तो जीवन स्वयं एक सुंदर चित्र बन जाता है। आइए, इस होली पर केवल चेहरों को नहीं, मनों को रंगें, केवल दीवारों को नहीं, संबंधों को सजाएं, केवल गलियों में नहीं, समाज में खुशियों की पिचकारी चलाएं। रंगों का यह पर्व हमें जोड़ने आया है, तो हम इसे बांटने का नहीं, जोड़ने का उत्सव बनाएं। सुरक्षित, स्वच्छ और सौहार्दपूर्ण होली मनाकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेम और संस्कृति की सुगंध छोड़ जाएं- यही होली का सच्चा संदेश है।



# रंगों से नहीं, रंग बदलने वालों से करें परहेज़

भारतीय संस्कृति पुरातन समय से अपनी सभ्यता, संस्कृति, रीति-रिवाज व पर्व-त्यौहारों के रूप में विशेष मानी जाती रही है और भारतीय संस्कृति की प्रथम विशेषता है 'सर्व भवंतु सुखिनः', अर्थात् सभी देशवासी सुखी हों। ऐसा त्यौहार है होली, जिसकी छटा निराली है। रंगों का समन्वय आपसी मेल-मिलाप व ईर्ष्या से परे एक-दूसरे को रंग लगाकर खुशियां देने व स्वयं को अपनी संस्कृति से जोड़ने-जुड़ने का संदेश देता नज़र आता है।



होली बदली नहीं, उसे बदलने की आवश्यकता भी नहीं, क्योंकि होली के रंग विविध हैं। देखा जाए भारतीय लोक-संस्कृति के समन्वित उत्सव होली में किसी को दौड़ने-दौड़ाने का मन करता है, किसी को चोट पहुंचाने की उसकी इच्छा कभी नहीं रही।

भारतीय संस्कृति की ज्ञान परम्परा काफी समृद्ध है। इसी से निहित पौराणिक कथाओं, तीर्थाटन, व्रत, उत्सव, पर्व व त्यौहार की जो प्रणाली परम्पराओं के साथ चली आ रही है, उसी से लोक संस्कृति का संपादन हुआ है। इसी प्रशस्त प्रणाली ने भारतीय जीवन, संस्कृति और भारत देश को प्राणवान एवं जागृत बनाए रखने में बड़ा योगदान दिया है। इसलिए सभी देशवासियों के लिए ये एक धरोहर के रूप में जाने-पहचाने जाते हैं। साथ-साथ व्यक्ति इन्हें आधार बनाकर अपने-अपने तरीकों व माध्यमों से परिलक्षित करता हुआ, अपने देश की संस्कृति को जीवान्त बनाए हुए है। सच्चे अर्थों में कहें तो पुरातन प्रणाली, पर्व व त्यौहार भारतीय संस्कृति के रसायन प्रतीत होते हैं।

शास्त्रों पर दृष्टि डालें धार्मिक पुस्तकों में होली का वर्णन, श्रीमद्भागवत महापुराण रसों के समूह रास का बड़ा रोचक वर्णन है। चंदवरदायी रचित हिंदी के पूर्व महाकाव्य पृथ्वीराज रासो में होली के उदाहरण, नारदपुराण और भविष्य पुराण प्राचीन हस्तलिपियों और ग्रन्थों में एकता में अनेकता के पर्व के उल्लेख मिलते हैं।

साहित्य की दृष्टि से होली का अवलोकन करें तो बसंत ऋतु और बसंतोत्सव कवियों व रचनाकारों के प्रिय विषय रहे हैं। वहीं भक्तिकाल और रीतिकाल के हिंदी साहित्य में होली और फाल्गुन महा का प्रथक स्थान रहा है। आदिकाल कवि विद्यापति से लेकर भक्तिकालीन सूरदास, रहीम, रसखान, पद्माकर, जायसी, मीराबाई, कबीर और रीतिकालीन बिहारी, केशव सभी ने अपनी-अपनी कलम से ऐसे रंग भरे हैं जिन्हें आदिकाल तक याद किया जाएगा। आधुनिक हिंदी कहानियां प्रेमचंद की राजा हरदोल, प्रभु जोशी की प्रथक-प्रथक तीलियां जैसी रचनाएं साहित्य जगत में होली के रंगों व महत्व को समझाती जान पड़ती हैं।

होली के अवसर पर संगीत की लोकप्रियता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी एक विशेष शैली का नाम ही होली है। भारतीय शास्त्रीय, उपशास्त्रीय, लोक और फिल्मी संगीत में होली की एक पूरी परम्परा ऐसी है। भारतीय शास्त्रीय संगीत में कुछ राग ऐसे हैं जिनमें होली के गीत गाए जाते हैं। बसंत, बहार, हिंडोला के अतिरिक्त कई राग हैं जो होली की छटा को और भी रंगीन बना देते हैं। शास्त्रीय संगीत में धमारका का होली से गहरा संबंध रहा है। वहीं उपशास्त्रीय संगीत में चैती, दादरा और ठुमरी में अनेक प्रसिद्ध होलियां हैं।



वास्तव में होली ऐसा त्यौहार है, जो इन्द्रधनुषी रंग बिखेरने के साथ-साथ आपसी भाई-चारे का प्रतीक होती है। ये देश का इकलौता लोकतांत्रिक पर्व है, यहां न आयु की सीमा है और न जन्म का बंधन है। इस त्यौहार में ऊंच-नीच को भुलाकर सब होली के रंगों में रंग इसकी एकता में अनेकता का परिचय देते नज़र आते हैं। होलिका दहन भारत में अकेली ऐसी धुनी है जिसके चारों ओर प्रत्येक जात-पात का व्यक्ति खड़ा हो सकता है और सबसे बड़ी बात यह हमारे अन्नदाता का पर्व है। फसल की कटाई और बुआई का पर्व है। ये केवल मनोरंजन, खाना-पीना या नाचने-कूदने तक सीमित नहीं है, यह वर्जनाओं के विरुद्ध भी एक मजबूत संदेश देता है।

धर्म बन्धन से मुक्त होली के रंगों से परहेज़ नहीं, बल्कि धार्मिक कुण्ठा से करें परहेज़, क्योंकि होली का मुख्य उद्देश्य मानव कल्याण व समाज कल्याण होना चाहिए। होली को आपसी प्रेम एवं एकता का प्रतीक मानते हुए सभी मतभेदों को भुलाते हुए एक-दूजे को गले लगाना चाहिए। इसलिए होली के रंगों से परहेज नहीं, बल्कि बदले की भावना से परहेज़ करें, क्योंकि....

**होली एक बहाना बंधु, होली एक बहाना,**
**नफ़रत के घर आंगन जा-जा, रंगों से नहलाना**
**पिछली होली लड़ बैठे जो, इस होली मिलवाना।**

-रश्मि अग्रवाल
सम्पर्क- 09837028700

# बिजनौर में 100 से ज्यादा स्थानों पर हुआ होलिका दहन


जैन धर्मशाला के पास पूजन करते श्रद्धालु।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गत रात्रि शुभ मुहूर्त के अनुसार होलिका दहन किया गया। बिजनौर नगर में 100 से ज्यादा स्थानों पर होलिका दहन हुआ। ज्योतिषियों द्वारा बताये गये समय के अनुसार पूर्ण विधि-विधान से पूजा-अर्चना तथा होली की परिक्रमा की गई। श्रद्धालुओं ने पूर्ण भक्तिभाव से होलिका दहन किया। देर रात्रि लगभग एक बजे होलिका दहन हुआ। पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। होलिका दहन स्थलों पर पुलिस बल के साथ-साथ फायर ब्रिगेड की भी तैनाती की गई थी, ताकि किसी आकस्मिक स्थिति से निपटा जा सके। महिलाओं व बच्चों ने गाय के गोबर से बने बुर्कले चढ़ाये। देर रात तक शहर में रौनक रही। राम के चौराहे पर शहर की सबसे बड़ी होली सजाई गई। शहर की लगभग सभी कालोनियों में होलिका दहन हुआ। नवयुवक होली समिति द्वारा जैन धर्मशाला के पास होलिका दहन किया गया। इससे पूर्व पूजा-अर्चना की गई। मुख्य यजमान नीरज रघुवंशी और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मोनिका रघुवंशी रहे। पंडित दीपक तिवारी ने पूर्ण विधि-विधान से होलिका दहन कराया। राजेन्द्र गौतम, हुक्का बिजनौरी, अतुल गर्ग, श्रीमती अनिता सिंह, पंकज अग्रवाल, सुनील गोयल, प्रभात अग्रवाल, ललित अग्रवाल, शिवम भटनागर, निशा राघव, दुष्यंत कुमार शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, राजीव अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, विशु अग्रवाल, अनिरूद्ध चौधरी, संजय अगग्रवाल, सुनील सिंघल आदि मौजूद रहे।

# ख़बरदार! एचटी लाइन पर पेड़ गिरने से कभी भी हो सकता है हादसा



**पैजनिया ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव तोहफापुर में एक विशाल सूखे हुए पेड़ के करीब से गुजर रही बिजली की उच्च क्षमता की लाईन पर पेड़ टूट कर गिरने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत वन विभाग एवं बिजली विभाग के उच्चाधिकारियो से कर सूखे वृक्ष को कटवाने की मांग की है। ग्राम तोहफ़ापुर निवासी गजेंद्र सिंह, धीर सिंह, नवीन कुमार, नूतन कुमार आदि के खेत पैजनिया-चांदपुर मार्ग पर सड़क के किनारे स्थित हैं। ग्रामीणों ने बताया की सड़क के किनारे से होकर बिजली की एक लाख तैंतीस हजार वोल्ट की लाईन गुजर रही है तथा लाइन के बिल्कुल नजदीक एक सूखा विशाल वृक्ष है जो कभी भी उक्त लाइन पर टूट कर गिर सकता है जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है।वन विभाग द्वारा कुछ दिन पूर्व लाईन के आसपास के सारे पेड़ कटवा दिये गये लेकिन उक्त सूखे वृक्ष को छोड़ दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग से उक्त पेड़ को कटवाने की मांग है।

# मासूम बच्चों के पहला रोजा रखने पर सामूहिक इफ्तार का आयोजन



**स्योहारा ( चिंगारी )।** टीचर्स कालोनी निवासी हाकिम फुरकान सलमानी के पोती व पोते व कासिम सलमानी की 12 वर्षीय बेटी सिदरा परवीन व 10 वर्षीय बेटे हमज़ा के पहला रोज़ा रखने की खुशी में रोज़ेदारों के लिए विशाल रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें रोजेदारों के साथ-साथ सर्वसमाज के लोगों ने भागीदारी कर बच्चों सिदरा परवीन और हमज़ा को अपनी दुआओं से नवाज़ा और हाकिम फुरकान सलमानी ओर कासिम सलमानी को मासूम बच्चों के रोज़ा रखने पर मुबारकबाद पेश की। इस मौके पर कारी जीशान ने कहा कि रोज़ेदारों के लिए रोज़ा इफ़्तार कराना बहुत बड़ा सवाब का काम है, अपनी खुशी में रोज़ेदारों के साथ साथ सभी को शामिल करना चाहिए और जरुरतमंदों का भी खास ख्याल रखना चाहिए, चाहे वह किसी भी जाति और मज़हब का हो। टीचर्स कालोनी में किये गये रोज़ा इफ़्तार पार्टी में सैकड़ो लोगों ने शिरकत की। रोज़ा इफ्तार प्रोग्राम में शिरकत करने वाले सभी लोगों का हाकिम फुरकान सलमानी, ज़फ़र सलमानी, कारी जीशान, कासिम सलमानी, हाशिम सलमानी आदि ने स्वागत कर शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर अनवर बाबू, मास्टर उबैद अख़्तर, ज़ाकिर हुसैन बैटरी वाले, प्रेस क्लब अध्यक्ष रियाज़ उर्फ़ प्रिंस जमाल, रिहान अहमद, जकी रईस, नवाब अहमद, फिरोज़ हैदर, आरिफ ज़ैदी, अहमद ज़ैदी, जकी ज़ैदी, इस्माइल चौधरी, इरफान मिस्त्री, मास्टर बब्बू चौधरी, आशु ज़ैदी, राजा अहमद, बिजनौर तहसील अध्यक्ष भाकियू इक़बाल राजा, रिज़वान सलमानी, इरशाद सलमान,अमजद अली, अलीम अहमद गुड्डू, बदरे आलम, तनवीर सलमानी, ज़कीउल्लाह मंसूरी, नसीम अहमद सहित सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया।

# किरतपुर में हर्षोल्लास के साथ निकली मां काली की शोभायात्रा



**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला पूर्वी लाडपुरा से गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मां काली की भव्य शोभायात्रा बड़ी ही धूमधाम के साथ निकाली गई। यात्रा श्री रामसिंह कश्यप के यहां से प्रारंभ होकर मोहल्ला वलीपुरा में स्थित श्री बालाजी शिव मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा का शुभारंभ श्री रामसिंह कश्यप द्वारा फीता काटकर किया गया। यात्रा में लग रहे जय माता दी के जयकारों से वातावरण पूर्णत: भक्तिमय हो गया था। तत्पश्चात कश्यप धर्मशाला में होलिका दहन किया गया। यात्रा का नेतृत्व करने वाले में जीतेंद्र कश्यप, आकाश कश्यप, डा. राधेश्याम, विपिन विश्वकर्मा, सुरेंद्र कश्यप, महेंद्र कश्यप, नरेन्द्र कश्यप, सुभाष कश्यप, सीताराम सिंह, अंकुर कश्यप आदि भारी संख्या में पुरूष बच्चे एवं महिलाएं मौजूद रहीं। सुरक्षा की दृष्टि से कस्बा इंचार्ज दीपक नागर अपने स्टाफ के साथ मौजूद रहे। इसके अलावा नगर व क्षेत्र में सैकड़ो जगह पर होली का दहन हुआ, कहीं कोई अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला सब शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। आज सुबह से ही नगर में युवाओं की टोली होली के रंग लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दे रहे थे।

# रोटरी क्लब स्योहारा सम्पूर्ण ने आयोजित किया होली मिलन कार्यक्रम



**स्योहारा ( चिंगारी )। रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण द्वारा होली के उपलक्ष्य में धामपुर-नगीना हाइवे पर स्थित आरना रेस्टोरेंट में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग सभी रोटेरियनस ने एनिस के साथ आकर होली मिलन कार्यक्रम का आनंद लिया।**

कार्यक्रम में सर्वप्रथम क्लब के अध्यक्ष शोभित जैन तथा क्लब के सचिव समीर रस्तौगी द्वारा सभी मेंबर्स को पटका व टोपी पहनाकर स्वागत किया, वहीं एनीज पर्ल रस्तोगी व एनीज सुरभि जैन द्वारा सभी एनिस को गुलाल का टिक्का लगा कर स्वागत किया। इसके बाद कार्यक्रम में कुछ गेम्स का आयोजन भी किया, जिसमे सर्वप्रथम तंबोला खेल का आयोजन किया गया जिसे सभी ने खेला। इसी श्रृंखला में पास ऑन बॉल गेम का भी आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर मनोज वर्मा के सुपुत्र डॉक्टर शाश्वत वर्मा प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर रोटेरियन राजू अरोड़ा की पुत्री प्रिशा अरोड़ा रही। इसके बाद रोटेरियन संजीव अरोड़ा द्वारा क्वीज का अयोजन किया जिस से सभी में जवाब देने की होड़ हुई और क्वीज ओर रोचक हो गई और सही जवाब देने वालों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी रोटेरियनस व एनीज द्वारा फूलो की होली खेल कर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। बाद में डिनर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी रोटेरियनस व एनीज को रिटर्न गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। क्लब के वरिष्ठ रोटेरियन डा. मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों द्वारा हम सभी में एक दूसरे के प्रति प्यार, आदर और सम्मान की भावना बढ़ती है। क्लब सचिव समीर रस्तोगी ने कहा ऐसे कार्यक्रम के द्वारा हम सभी में फैलोशिप की भावना का विकास होता है। क्लब सचिव समीर ने कहा कि आगे भी इसी तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब कोषाध्यक्ष संजीव अरोड़ा का विशेष योगदान रहा। अंत में क्लब अध्यक्ष शोभित जैन व सचिव समीर रस्तोगी ने सभी रोटरियंस व एनीज का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कांता प्रसाद पुष्पक, डाक्टर लिपिसैन वर्मा, डाक्टर शाश्वत वर्मा, लव कुमार रस्तौगी आदि मौजूद रहे।

# चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी ने आयोजित किया भव्य होली मिलन समारोह



**झालू ( चिंगारी )।** झालू। नगर पंचायत झालू के चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी द्वारा अपने कैंप कार्यालय पर सद्भावना होली मिलन समारोह का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे सैकड़ों गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यापारियों एवं युवाओं ने भाग लेकर आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। होली मिलन समारोह के दौरान चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी ने नगरवासियों का स्वागत करते हुए सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि होली रंगों के साथ-साथ आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक एकता का पर्व है। इस अवसर पर कैंप कार्यालय परिसर में फूलों एवं गुलाल की होली बड़े ही उल्लास के साथ खेली गई। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए प्रेम और सद्भाव का परिचय दिया। कार्यक्रम स्थल को रंग-बिरंगी सजावट से आकर्षक रूप दिया गया था। समारोह में मिठाई एवं जलपान की भी विशेष व्यवस्था की गई, जिसका सभी अतिथियों ने आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान नगर के विकास, आपसी सहयोग एवं सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने पर भी चर्चा की गई।

# शिवम अग्रवाल एडवोकेट ने किया श्रद्धालुओं को भव्य स्वागत

## श्रद्धालुओं के लिए की उत्कृष्ट व्यवस्था



**झालू ( चिंगारी )।** नगर में होलिका दहन के पावन अवसर पर शिवम् अग्रवाल एडवोकेट द्वारा मछली बाजार स्थित होलिका स्थल के पास भव्य टेंट लगाकर श्रद्धालुओं के स्वागत की सराहनीय व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में देर रात्रि तक बड़ी संख्या में नगरवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर वहां पहुंचने वाले सभी लोगों के लिए जलपान की विशेष व्यवस्था की गई तथा बैठने हेतु सोफा एवं अन्य सुविधाओं का भी उचित प्रबंध किया गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। रात्रि में विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चना सम्पन्न होने के उपरांत डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा होलिका में अग्नि प्रज्वलित की गई। होलिका दहन के पश्चात शिवम् अग्रवाल एडवोकेट ने उपस्थित बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा सभी साथियों एवं नगरवासियों से गले मिलकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक जलपान ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया ।जिसकी वहां आने वाले लोगों ने सराहना की।

# होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक: मंजू दीदी



नजीबाबाद (चिंगारी)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नजीबाबाद में होली का त्यौहार मनाया गया। जिसमें देहरादून से ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी, हरिद्वार से ब्रह्माकुमारी मीना दीदी, रुड़की से गीता दीदी व अन्य सेवा केंदों से सभी बहने सम्मिलित हुई। मीना दीदी ने होली का महत्व समझाते हुए कहा होली का पर्व बुराई से अच्छाई की विजय का प्रतीक है। देहरादून से पधारी मंजू दीदी ने कहा होली जलाना व दूसरे दिन मना कर अपने जीवन में बैलेंस बना करके जीना चाहिए। अमित मलिक राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ब्रह्माकुमारी आश्रम पहुंचकर अपने सुखद अनुभव का संचार करते हुए गर्व महसूस किया। उनके साथ रूबी चैधरी संगठन मंत्री पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष, रीना शर्मा जिला संगठन मंत्री, कामिनी शर्मा जिला अध्यक्ष आदि प्रोग्राम में सम्मिलित रहे।

# रात्रि डेढ़ बजे पूर्ण विधि-विधान के साथ किया होलिका दहन

**झालू ( चिंगारी )।** नगर में गत रात्रि होलिका दहन धूमधाम से किया गया। नगर के परंपरागत स्थानों पर होलिका जलाई गयी। महिलाओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना की और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। वहीं नगर में देर शाम होलिका दहन किया गया, जिसमें कई स्थानों पर देर रात तथा मछली बाजार स्थित होलिका पर देर रात्रि करीब डेढ़ बजे मुहूर्त अनुसार होलिका दहन किया गया। होलिका दहन के बाद परंपरानुसार सभी ने गन्ने पर लपेटकर लाएं जौं की बालियां होली की अग्नि में भूनकर अपने घर ले गये, और साथ ही होलिका की अग्नि को अपने घर ले जाने की भी परम्परा रही। इसके बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर, रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी ।कुल मिलाकर नगर के सभी स्थानों पर शांतिपूर्वक होलिका दहन किया गया। वहीं इस मौके पर नगर में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दिया। पूरे दिन पुलिस फोर्स अलर्ट मोड पर रही, हल्दौर थाना प्रभारी किशन अवतार व झालू चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार होलिका दहन के स्थलों का मुआयना करते रहे। देर रात सब जगह होलिका दहन होने के बाद प्रशासन व नगर पंचायत कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

# आवारा कुत्तों ने पत्रकार के बेटे को काटकर घायल किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक हर दिन बढ़ता जा रहा है। इस पर प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। क्षेत्र के पत्रकार विपिन ठाकुर के बेटे देव ठाकुर पर रात्रि में आवारा कुत्तों ने जबरदस्त हमला कर उसे घायल कर दिया। आवारा कुत्तों ने 12 वर्षीय देव ठाकुर के पैर में बुरी तरह से काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे बच्चा बेहोश होकर गिर पड़ा। पत्रकार विपिन द्वारा अपने बेटे को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाकर उपचार दिलाया गया। नजीबाबाद सरकारी अस्पताल से घायल बच्चे को फर्स्ट ऐड देने के बाद बिजनौर भेज दिया गया। नजीबाबाद क्षेत्र में पिछले काफी दिनों से गली-मौहल्लों में बड़ी संख्या में घूम रहे आवारा कटखने कुत्तों के आतंक से लोग परेशान है। आवारा कुत्तों अब तक दर्जनों लोगों को काटकर घायल कर चुके है।

# जैन महिला मण्डल ने किया होली मिलन कार्यक्रम आयोजित



नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री दिगम्बर जैन पचायती मन्दिर में जैन महिला मण्डल की ओर से होली मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें कुमकुम जैन के निर्देशन में समाज की महिला सदस्यों ने रंग खेल, तम्बोला, कुसी दौड व कई प्रकार के गेम का आयोजन किया। गेम जीतने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण के बाद समाज की सदस्यों ने श्रीजी की आरती कर मंगल कामना की। आरती के बाद समाज की महिला सदस्यों ने गुलाल व फूलों की होली खेलकर होली मिलन का समापन किया। कार्यक्रम में मंजू जैन, पूनम जैन, निधि जैन, कुशमंदानी जैन, नेहा जैन, ऋद्धु जैन, संगीता जैन, राहुल जैन, निशु जैन, पुनीत जैन, ज्ञानचंद जैन, राजीव जैन, सिद्धार्थ जैन, रिंकू जैन, दीपक जैन, वंदना जैन सहित समाज की काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।



**होली का कार्यक्रम प्रस्तुत करती महिला सेवा संगठन की सदस्याएं।**

# महिलाओं ने खेली गुलाल व फूलों की होली

नजीबाबाद (चिंगारी)। महिला सेवा संगठन की ओर से स्थानीय माहेश्वरी धर्मशाला में होली के मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने गुलाल व फूलों की होली खेली। अध्यक्षा सुरेखा मित्तल व सचिव बबीता तायल के निर्देशन में सभी महिलाएं पीली साड़ी व रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर आई। महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर होली खेलते हुए सभी का मन मोह लिया। महिलाओं ने नृत्य करते हुए होली के गीत गाए। मधु माहेश्वरी व विभा माहेश्वरी ने एक झलकी गुजियों का स्वाद प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में अध्यक्षा, सचिव, रमा, दीपा, पूनम शामिल रही। स्नेह अग्रवाल व उषा माहेश्वरी ने होली पर विचार रखे। रमा शुक्ला ने ढोलक की थाप पर महिलाओं के साथ गीत गाए। हाउजी मिल गई एक गेम मेहमानों का में विजेता जया अग्रवाल, प्रिन्सी एवं अनीषा अग्रवाल रही। माया रंधर, सम्पत्ति, पुष्पा पाठक, अर्चना जाखेटिया, सुमना मिश्रा, अमिता अरोरा, अनिता, नेहा, इन्दू नरेश आदि ने कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

# पालिका कार्यालय में आधार जनसेवा केंद्र स्थापित हो: सरफराज अहमद

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगरपालिका परिषद नजीबाबाद के सभासद एवं जिला योजना समिति बिजनौर के सदस्य सरफराज अहमद ने नगरपालिका परिषद नजीबाबाद बोर्ड की मीटिंग में अपने विचार व्यक्त करते हुए नगरपालिका कार्यालय में आधार कार्ड बनाने एवं आधार कार्ड से संबंधित समस्त कार्य करने के लिए जनसेवा केंद्र पालिका में स्थापित कराने तथा नगर के मौहल्ला महलसराय में अधूरा पड़ा बालिका डिग्री कॉलेज का निर्माण पूरा कराकर इसमें शिक्षण कार्य शुरू कराने तथा उक्त कार्य कराने हेतु बोर्ड के माध्यम से शासन को अवगत कराने की अपील की। सरफराज अहमद ने नगरपालिका द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों जिसमें सड़कों का निर्माण, मिनी स्टेडियम, पार्क बनवाने, स्वच्छ जल, सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। इस कार्य के लिए चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम व नगरपालिका के समस्त बोर्ड को मुबारकबाद पेश की तथा आशा जताई कि भविष्य में नगरपालिका बोर्ड द्वारा जनहित के कार्य किये जाते रहेगे।

# नांगल सोती क्षेत्र में शाम से सुबह तक होता रहा होलिका दहन

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांवों में विधि-विधानपूर्वक होलिका दहन किया गया। नांगल में कई स्थानों पर होलिका दहन हुआ। ग्रामीणों ने शुभ मुहूर्त में होलिका दहन कर उसकी परिक्रमा की तथा होली के गीत गाते हुए गेहूं की बालें भूनीं। दहन से पूर्व महिलाओं ने परम्परागत रूप से पूजन किया। बच्चों ने गाय के गोबर से तैयार विभिन्न प्रकार की आकृतियां होली पर रखीं। रात्रि में शुभ मुहूर्त पर पंडितों द्वारा किये गये वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि- विधानपूर्वक होलिका दहन किया गया। होली की पवित्र अग्नि में भुनी हुई जौ, गेहूं की बालों को घर में रखना शुभ माना जाता है। ग्रामीण होली की पवित्र अग्नि को भी घरों में लेकर आये।

रात्रि से शुरू हुआ होलिका दहन आज सुबह तक होता रहा। इस बार होलिका दहन के शुभ मुहूर्त को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति रही। कहीं देर शाम सवा सात बजे ही होलिका दहन कर दिया गया, तो कहीं रात्रि आठ बजे होलिका दहन किया गया। कुछ गांवों में देर रात्रि में होलिका दहन हुआ। कामराजपुर, हरचंदपुर आदि गांवों में अर्द्धरात्रि के उपरान्त होलिका दहन हुआ, जबकि पूंडरी खुर्द, पूंडरी कलां, चंदोक, बरकातपुर, जालपुर आदि गांवों में आज सुबह 4 बजे से 6 बजे के मध्य होलिका दहन किया गया। शुभ मुहूर्त को लेकर सभी की अलग-अलग राय रही।

ग्राम जीतपुर में होलिका दहन कर परिक्रमा करते ग्रामीण।



## चंदोक में आज रात्रि होगा होलिका दहन

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम चंदोक में एक स्थान पर होलिका दहन न बीती रात्रि हुआ और न आज सुबह। वहां आज रात्रि में होलिका दहन होगा। चंदोक में दो स्थानों पर होलिका दहन होता है। एक स्थान पर तो गत रात्रि होलिका दहन हो गया, जबकि दूसरे स्थान पर होलिका दहन नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि इस बार होलिका दहन पूर्व ग्राम प्रधान योगेन्द्र सिंह को करना है। गत रात्रि वे घर पर नहीं थे और आज सुबह सवेरे तक भी नहीं आये थे, फिर चन्द्रग्रहण का सूतक शुरू हो गया, इसलिये होलिका दहन नहीं हो सका। ग्रामीणों ने बताया कि चन्द्रग्रहण की समाप्ति के बाद आज रात्रि में होलिका दहन किया जायेगा।

## पहली बार होलिका दहन व दुल्हैंडी के बीच एक दिन का गैप

***नांगल सोती ( चिंगारी )।** चन्द्रग्रहण के कारण रंगों का त्यौहार दुल्हैंडी, होलिका दहन के अगले दिन न होकर, एक दिन बाद कल मनाया जायेगा। आज अपराहन 3.20 बजे से चन्द्रग्रहण शुरू होगा, जो शाम 6.46 पर समाप्त होगा। चन्द्रग्रहण का सूतक काल 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है यानी कि सूतक काल आज सुबह 6.20 बजे से शुरू हो गया है। चन्द्रग्रहण के कारण गत रात्रि और आज तड़के होलिका दहन होने के बावजूद आज दुल्हैंडी नहीं मनाई जा रही है। बुजुर्गों का कहना है कि उन्होंने भी हमेशा होलिका दहन के अगले दिन ही दुल्हैंडी का पर्व मनाते देखा है। कभी बीच में एक दिन का गैप नहीं रहा। बुजुर्गों सतीश शर्मा, तुलाराम सिंह, लाखन सिंह, घिस्सन सिंह , धर्मपाल सैनी आदि का कहना है कि होलिका दहन और दुल्हैंडी के बीच एक दिन का गैप वे पहली बार देख रहे हैं।*


# डीएलएड में सानिया परवीन ने किया टॉप



कु. सानिया परवीन



आयुशी अग्रवाल



निधि रानी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के डी.एल.एड. बैच 2023 के तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार ने बताया कि तृतीय सेमेस्टर में कु. सानिया परवीन पुत्री श्री सरवर अली ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आयुशी अग्रवाल पुत्री श्री नवीन कुमार अग्रवाल ने 90.75 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान व निधि रानी पुत्री श्री रामअवतार सिंह ने 89.62 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा इंस्टीट्यूट की प्राचार्य डा. सीमा शर्मा, कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के विभागाध्यक्ष कृष्णा कुमार व सहायक प्रवक्ता फ़रहीन ज़हरा व ज्योति सिंह ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सुशील वर्मा ने शिविर लगाया 130 ने आंखों का चैकअप कराया

**हल्दौर ( चिंगारी )।** समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से एक नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 130 मरीजों की आंखों का चैकअप किया गया, जिनमें से टैक्नीशियन टीम ने 55 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। यहां एक मैरिज हॉल पर लगे नि:शुल्क नेत्र शिविर में नगर व आसपास के क्षेत्रों के लोग अपनी आंखों का चैकअप कराने पहुंचे, जिनकी आंखों का निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश की चिकित्सकों की टीम द्वारा नि:शुल्क चैकअप किया गया। चिकित्सकों की टीम में शामिल डा. बब्बू, गौरव कुमार, संजय बर्थवाल, मोहित कुमार, मुकेश रामोला, रितिका, शुभम, निमिशा भट्ट आदि ने 130 मरीजों की आंखों का चैकअप कर 55 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया। चयनित सभी 55 मरीजों को रविवार को ही ऑपरेशन के लिये ऋषिकेश ले जाया गया। शिविर में सुशील वर्मा, महिपाल सिंह, जितेंद्र फौजी, दुष्यंत चौहान देशू, डॉ. गजराज सिंह, डा. वीरेन्द्र सिंह, अरविंद चौहान, तरंग वर्मा व भोले वर्मा आदि का सहयोग रहा।

# क्षत्रियों की एकता पर बल



**नूरपुर ( चिंगारी )।** रविवार को क्षत्रिय राजपूत समाज की एक बैठक एक बैंकट हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महामंत्री सुशील ठाकुर व संचालन हेमराज सिंह ने किया। बैठक का शुभारंभ वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में क्षत्रिय राजपूत समाज के अध्यक्ष राजीव कुमार ने समाज के लोगों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक को एडवोकेट देशराज सिंह, सुधीर कुमार, भुवनेश कुमार, अशोक राजपूत, मास्टर भूपेंद्र सिंह व सुनील ठाकुर ने सम्बोधित किया। बैठक के अंत में क्षत्रिय राजपूत समाज के ब्लाक अध्यक्ष राजीव कुमार (चौधरी बीज भण्डार) ने सभी क्षत्रिय बन्धुओं का आभार व्यक्त किया। बैठक में क्षत्रिय बन्धुओं ने होली पर एक-दूसरे के गले मिलकर बधाई दी।

# होली मनाने आये युवक का शव पेड़ से लटका मिला



**नहटौर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला जोशियान में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 26 वर्षीय युवक का शव कब्रिस्तान में पेड़ से लटका हुआ मिला। मृतक एक दिन पहले ही होली मनाने के लिए अपने घर आया था। जानकारी के अनुसार मोहल्ला जोशियान निवासी आकाश ( 26 वर्ष ) पुत्र कोमल पिछले कुछ समय से नांगल सोती क्षेत्र में स्थित एक आश्रम में रह रहा था। वह एक दिन पहले ही होली का त्यौहार परिवार के साथ मनाने के लिए अपने घर लौटा था। सोमवार को आकाश का शव मोहल्ले के पास स्थित कब्रिस्तान में एक आम के पेड़ से लटका मिला। सुबह जब लोगों ने शव को पेड़ से लटका देखा तो हड़कंप मच गया। परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। युवक की हत्या या आत्महत्या की पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# रामा एफएम ने कसौर में घर-घर जाकर टीबी की जानकारी दी




**किरतपुर ( चिंगारी )।** स्मार्ट एनजीओ और रामा एफएम 90.0 की टीम ने 'सेहत सही, लाभ कई' अभियान के तहत किरतपुर ब्लॉक के गांव कसौर में घर-घर जाकर टीबी जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को टीबी नामक बीमारी के लक्षणों, सावधानियों, समय-समय पर जांच एवं उपचार आदि के प्रति जागरूक व सचेत करना था। डी.फार्मा के छात्र-छात्राओं ने ग्राम पंचायत कसौर के सचिवालय में ग्रामीणों को एकत्र कर विभिन्न प्रकार की जांच की एवं टीबी के प्रमुख लक्षणों जैसे-लगातार खांसी आना, वजन कम होना, बुखार रहना, रात में पसीना आना आदि के बारे में जानकारी दी। रामा एफएम टीम के सदस्यों मिस अनम, चंद्रमोहन, मौ. उमर खान, आयशा सुहेल एवं डी. फार्मा के छात्र-छात्राओं ने घर-घर जाकर कसौर की ग्रामीण जनता को जागरूक किया और यह बताया कि यदि मरीज समय पर जांच करवाकर पूरा और नियमित इलाज करे तो टीबी पर नियंत्रण पाया जा सकता है। श्रीमती नीलम वर्मा ने सरकारी उपचार केंद्रों एवं नि:शुल्क जांच सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया। यह जानकारी एमएम मीडिया प्रभारी डॉ. रवीश कुमार ने दी।

# व्यापारी नेता के बैंकट हॉल से जनरेटर चोरी

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर में बैटरा चोरों के बाद अब जेनरेटर चोर भी सक्रिय हो गए हैं। रविवार की रात्रि चोरों ने दुस्साहस दिखाते हुए उद्योग व्यापार मंडल हल्दौर के नगर अध्यक्ष वरुण अग्रवाल के बैंकट हॉल को निशाना बना लिया। चोर मौके से जनरेटर सेट और उसका कीमती तार चोरी कर फरार हो गए, जिससे उन्हें लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

## व्यापारियों में आक्रोश

प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां ब्लॉक कार्यालय के पास स्थित 'आशियाना बैंकट हॉल' पर रविवार की रात्रि किसी समय बेखौफ अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर बैंकट हॉल परिसर में रखा जेनरेटर सेट और उससे जुड़ा कीमती तार चोरी कर लिया। सोमवार सुबह जब बैंकट हॉल संचालक मौके पर पहुंचे तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई। इसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। व्यापारी नेता वरुण अग्रवाल ने बताया कि चोरी की इस घटना से उन्हें करीब 50 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने तत्काल मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को देते हुए थाने में तहरीर दे दी है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही नगर के व्यापारियों में रोष व्याप्त हो गया। व्यापारियों का कहना है कि कस्बे में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से व्यापारी वर्ग असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने तथा चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो ऐसी घटनाओं में और वृद्धि हो सकती है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जल्द खुलासे का दावा कर रही है। उधर नगर के बाजार में इससे पहले भी कई चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें चोर इनवर्टर के बैटरे व नगदी चोरी कर चुके हैं। गत 31 दिसंबर की रात्रि को भी चोर यहां मुख्य बाजार स्थित धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ दिन्ने की एमएस ट्रेडर्स नाम की दुकान से इनवर्टर का बैटरा और गल्ले में रखी करीब एक लाख रुपए से ज्यादा की नगदी चोरी करके ले गए थे, जिसका करीब दो माह बीतने के बाद भी पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# समस्या का हल: आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मानदेय मिलना शुरू

## डीपीओ व इंचार्ज सीडीपीओ का आभार जताया

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक साल से मानदेय की समस्या से जूझ रही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मानदेय मिलने की शुरुआत होने से उनमें खुशी की लहर है। इस समस्या के समाधान में जहां एक ओर इंचार्ज सीडीपीओ अनीता चौहान व डीपीओ बिजनौर विमल चौबे का अहम रोल है, वहीं 'चिंगारी' ने भी कार्यकत्रियों की इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था। मार्च 2025 में नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मानदेय के रूप में अभी तक फूटी कौड़ी भी नहीं मिल पाई थी, जिससे कार्यकत्रियां आर्थिक तंगी झेल रही थीं। कार्यकत्रियां जोर-शोर से यह मांग उठा रही थीं और उनकी इस समस्या को 'चिंगारी' ने भी प्रमुखता से प्रकाशित किया था। आखिरकार कार्यकत्रियों के मानदेय आने की शुरुआत हो गई है, जिस पर कार्यकत्रियों ने खुशी का इजहार करते हुए डीपीओ विमल चौबे व सीडीपीओ अनीता चौहान का आभार जताया और 'चिंगारी' को भी धन्यवाद दिया। इस सम्बंध में डीपीओ बिजनौर विमल चौबे ने बताया कि बैंक की आईएफएससी कोड की त्रुटि थी, जिसे दूर कराकर कार्यकत्रियों का अतिरिक्त मानदेय भेज दिया गया है और शीघ्र ही उनका एरियर भी भेज दिया जाएगा।

### 'चिंगारी' को भी धन्यवाद दिया

# गुरुद्वारे में मनाया गया होला महला



**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा साहिब में सिक्ख संगत ने गुरबाणी कीर्तन उपरांत एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होला महला मनाया। भंगड़ा कर खुशियां मनाई। प्रात: गुरुद्वारे में गुरबाणी कीर्तन हुए। भक्त प्रहलाद जी की ईश्वर भक्ति के साथ-साथ खालसे की होली पर प्रकाश डाला गया। ज्ञानी जितेन्द्र सिंह ने संगत के भले वास्ते अरदास की, होला महला पर प्रकाश डाला। संगत को मिष्ठान का प्रसाद बांटा गया। संगत ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होला महला की बधाइयां दीं। कार्यक्रम में कमलजीत सिंह नूर, अमरजीत सिंह, गुरुदयाल सिंह, सतवीर सिंह, हरजीत सिंह, हरमीत सिंह, प्रभुजोत सिंह बादल, गुरप्रीत सिंह, शुभदीप सिंह, आकाश, प्रिंस, कशिश आदि मौजूद रहे।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
( आजाद समाज पार्टी कां. )
पूर्व चेयरमैन, झालू न.पा. ( बिजनौर )
सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर
तेरहवां रोजा : मंगलवार 03 मार्च
इफ्तार सुन्नी 6:21, शिया 6:31
चौदवां रोज़ा : बुधवार, 04 मार्च
सहरी- सुन्नी 5:15 शिया 5:08

शहजाद अहमद


# मिल-जुलकर शांतिपूर्वक मनायें रंगों का त्यौहार - चन्द्रपाल सिंह

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने शांतिपूर्ण ढंग से मिल-जुलकर होली का पर्व मनाने की अपील की है। क्षेत्र के गांव पीपला जागीर निवासी भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने अपने आवास पर एक बयान में कहा कि होली का पर्व विभिन्न रंगों का पर्व होता है। इसी तरह हमारे देश में विभिन्न धर्मों के विभिन्न पर्व मनाए जाते हैं। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि होली के पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। उन्होंने कहा कि सभी पर्व भाईचारे का संदेश देते हैं, इसलिए सभी पर्व मिल-जुलकर सौहार्द के साथ मनाने चाहिए।



चौ० चन्द्रपाल सिंह

# होली के रंगों का ऐसा हुआ प्रभाव, कम हुआ बोर्ड परीक्षा का तनाव

**चांदपुर ( चिंगारी )।** जेपी पब्लिक स्कूल, धनौरा रोड, चांदपुर में होली का उत्सव इस वर्ष विशेष उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। बोर्ड परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने आए विद्यार्थियों का होली के रंगों ने परीक्षा का तनाव कम कर डाला, वहीं विद्यालय परिसर रंगों, हंसी और खुशियों से सराबोर नजर आया। विद्यालय के प्रबंधक विकास गुप्ता (रॉकी) ने विद्यार्थियों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने भी विद्यार्थियों के साथ रंगोत्सव में भाग लेते हुए कहा कि त्यौहार जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भरते हैं और परीक्षा जैसे दबाव को कम करने में सहायक होते हैं। विद्यालय के सीनियर कोऑर्डिनेटर नवनीत चौधरी व जूनियर विंग कोऑर्डिनेटर रूपा त्यागी ने भी सभी विद्यार्थियों को होली की बधाई दी। रंगारंग आयोजन ने विद्यार्थियों के मन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया, जिससे वे आगामी परीक्षाओं के लिए और अधिक उत्साहित दिखाई दिये।



छात्र को रंग लगाते स्कूल प्रबंधक विकास गुप्ता रॉकी।

# कपिल चौधरी ने आयोजित किया भव्य होली मिलन कार्यक्रम



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी (शीरे वाले) की ओर से आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में होली उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। क्षेत्र के ग्राम पीपलसाना स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख कपिल चौधरी की गत्ता फैक्ट्री में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाया। कपिल चौधरी ने क्षेत्रवासियों से अमन-चैन व भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाने तथा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक रंगों आदि का प्रयोग न करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में भयमुक्त होकर त्यौहार मनायें। होली मिलन कार्यक्रम में कपिल गोयल, वीरेन्द्र राजपूत, सुमित अग्रवाल, अर्पित गोयल, मंजीत सिह, गौरव लाम्बा, धर्मेन्द्र लाम्बा, सोनू सिंह, चंचल ढाका, सौरभ चौधरी, राजीव चौधरी, कमल कश्यप, कृष्ण कुमार, निर्मल चौहान, पुखराज सैनी, राजीव कुमार रावटी, सुनील जाटव सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बंसल के भतीजे शिवांश बंसल ने सी.ए. बनकर किया नगीना का नाम रोशन

**नगीना ( चिंगारी )।** विश्व हिन्दू परिषद् के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बंसल के भतीजे शिवांश बंसल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट ( सीए ) की परिक्षा उत्तीर्ण कर अपने माता-पिता व पैतृक निवास नगीना का नाम रोशन किया है।

नगर के मोहल्ला सरायमीर के मूल निवासी व वर्तमान में गाजियाबाद में रह रहे विहिप नेता चंपत राय बंसल के छोटे भाई संजय बंसल ने बताया कि उनके पुत्र शिवांश बंसल ने सीए की परीक्षा पास की है। 31 दिसंबर सन् 2000 को जन्मे शिवांश बचपन से ही मेधावी छात्र रहा है। पांचवीं तक की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय दिल्ली से पूरी करने के बाद डीएवी पब्लिक स्कूल जसोला दिल्ली से 12 वीं तक की शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने बताया कि पहले ही प्रयास में शिवांश ने सीए फाउंडेशन की परीक्षा पास करके सीए की पढ़ाई शुरू कर दी थी। इसके साथ-साथ दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकॉम की पढ़ाई भी चलती रही। बातचीत में शिवांश से पूछा गया कि आपने अपने लक्ष्य को कैसे प्राप्त किया, तब उसने बताया यह मेरे माता-पिता का सपना था कि मैं सीए बनूं और मुझे आज बेहद खुशी है कि मैंने अपने माता-पिता के सपने को साकार किया है। उसने कहा कि लक्ष्य प्राप्त करने के लिए बातें कम और लक्ष्य के प्रति एकाग्रता ज्यादा होनी चाहिए। उसकी इस सफलता पर विहिप नेता प्रदीप गर्ग, कुंवर अमरजीत सिंह, शलभ गोयल, मोहित गोयल, भाजपा नेता प्रमोद चौहान, पंडित सचिन शर्मा, अजीत अग्रवाल, व्यापारी नेता दीपक अग्रवाल आदि ने बधाई दी है।



शिवांश बंसल अपने ताऊ व विहिप नेता चंपत राय बंसल व अपने परिवार के साथ।



शिवांश बंसल को उसकी सफलता पर मिठाई खिलाते पिता संजय बंसल।



## नजीबाबाद में देखने को मिला साम्प्रदायिक सौहार्द, मस्जिद के बाहर जली होलिका

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद गंगा-जमुनी तहजीब का शहर है, यहां के हिंदू-मुस्लिम लोग मिल-जुलकर रहते हैं तथा एक-दूसरे के त्यौहार मिल-जुलकर मनाते हैं तथा एक-दूसरी भावनाओं का सम्मान करते हैं। नगर के मौहल्ला रम्पुरा में होली के मौके पर एक ऐसी ही मिसाल देखने को मिली। मौहल्ला रम्पुरा वाल्मीकि बस्ती के पास स्थित मस्जिद के सामने पुरानी परम्परा के अनुसार ठीक मस्जिद के सामने प्रत्येक साल की तरह इस साल भी होलिका जलाई गई। मौहल्ला रम्पुरा में एक तरफ वाल्मीकि बस्ती है, तो दूसरी तरफ मुस्लिम बस्ती है, इसके बीच में यह मस्जिद है। हर बार वाल्मीकि समाज के लोग मस्जिद के सामने होलिका जलाने के साथ होली खेलते हैं, मगर वह मुस्लिम समाज की भावनाओं का पूरा सम्मान करते हैं। जिससे यहां साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिलती है। उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर होली के मौके पर जिस तरफ से होली के रंग का जुलूस निकलता है उस मार्ग पर पड़ने वाली मस्जिदों को प्रशासन द्वारा तिरपाल से ढक दिया जाता है। वहीं नजीबाबाद में ऐसा कुछ नहीं है यहां मस्जिद के सामने होलिका भी जलती है तथा रंग भी खेला जाता है, मगर किसी पर जबरदस्ती रंग नहीं डाला जाता।

## सीए की परीक्षा पास कर जुबैर ने बिजनौर का नाम रोशन किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जनवरी 2026 में आयोजित सीए फाइनल परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है।



इस प्रतिष्ठित परीक्षा में बिजनौर के मौहल्ला चाहशीरी निवासी मोहम्मद कलीम के पुत्र मोहम्मद जुबैर ने सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। जुबैर की इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजनों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए जुबैर के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जुबैर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता और दोस्तों को दिया है। गौरतलब है कि जुबैर शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2019 में डीडीपीएस से 12वीं कक्षा में टॉप किया था। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद भगत सिंह कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। कड़ी मेहनत और लगन के दम पर सीए जैसी कठिन परीक्षा पास कर जुबैर ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे बिजनौर को गौरवान्वित किया है।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026
एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# 'डू समथिंग' ने किया होलिका उत्सव का आयोजन

## लोक गायक सौरभ मैठाणी के गीतों पर झूम उठे श्रोता

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** डू समथिंग सोसाइटी की ओर से होली के अवसर पर दुर्गापुरी स्थित एमकेवीएन स्कूल में होलिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान लोक गायक सौरभ मैठाणी की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। महोत्सव के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मनीषियों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ संस्था संरक्षक प्रकाश चन्द्र कोठारी, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी व पूर्व नगर निगम महापौर हेमलता नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि होली का त्यौहार आपसी भाईचारे को बढ़ाने का त्यौहार है। हमें आपसी वैमनस्य भुलाकर होली के त्यौहार को मनाना चाहिए। तत्पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मनीषियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद सौरभ मैठाणी और



होलिकोत्सव में प्रस्तुति देते लोक गायक सौरभ मैठाणी।

उनकी टीम द्वारा गढ़वाली गीतों की प्रस्तुतियां दी गई। उनके द्वारा दी गई मैं पहाड़ों कु रैबासी... और वखी मेरू गौं.., सहित अन्य गढ़वाली गीतों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। लोग देर शाम तक उनके गीतों की प्रस्तुतियों पर झूमते रहे। अंत में संस्था संरक्षक प्रकाश कोठारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में सिन्धु कोठारी, सोनम कोठारी, सुमन कोटनाला, रंजना रावत, अजयपाल सिंह रावत, डॉ. अनुराग शर्मा, शशि भूषण अमोली, शूरवीर खेतवाल, रोशन बलूनी, सुरेन्द्र लाल आर्य और मनीष भट्ट सहित छात्र अभिभावक मौजूद रहे।

# होली मिलन में कवियों ने उंडेला कविताओं का रंग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति एवं देवभूमि उत्कर्ष सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में पदमपुर मोटाढाक स्थित शिव शक्ति मंदिर प्रांगण में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित काव्य गोष्ठी में कवियों ने कविताओं के माध्यम से होली के रंग बिखेरे। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि होली पर्व आपसी मतभेद भुलाकर समाज को जोड़ने, सकारात्मक ऊर्जा फैलाने और संस्कारों को सुदृढ़ करने का माध्यम है। मौके पर आम जन से कैमिकल युक्त रंगों का प्रयोग न करने का आह्वान किया गया। तत्पश्चात आयोजित कवि गोष्ठी में सुनीता रानी, डॉ. चंद्रमोहन बड़थ्वाल, डॉ. रमाकांत कुकरेती, सुंदर लाल जोशी, इंजीनियर जगत सिंह नेगी, दिनेश चौधरी, जगदीश भारद्वाज, रेखा ध्यानी, कौशल्या असवाल, रेनू असवाल, सोनम भंडारी, रेखा रावत, देवी बिष्ट, सोम प्रभा कंडवाल एवं देवकी रावत की कविताओं की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

# शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष बने आनन्द प्रसाद

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में सत्र 2025-26 के लिए अभिभावक शिक्षक संघ का गठन कर लिया गया है। संघ में सर्व सम्मति से आनन्द प्रसाद घिल्डियाल को अध्यक्ष, गीता लखेड़ा को उपाध्यक्ष तथा शशि देवी को कोषाध्यक्ष चुना गया। महाविद्यालय में आयोजित शिक्षकों व अभिभावकों की बैठक में प्रभारी प्राचार्य डॉ. दिवाकर बौद्ध ने महाविद्यालय की आख्या प्रस्तुत की। तत्पश्चात सर्वसम्मति से शिक्षक अभिभावक संघ के पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस दौरान समस्त अभिभावक व महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# गुरुद्वारा में कल परम्परागत रूप से मनाया जायेगा होला महल्ला पर्व

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मे स्त्री सत्संग सभा की ओर से कल 4 मार्च बुधवार को आयोजित होने वाले होला महल्ला कार्यक्रम एवं गुरमत समागम का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ से किया गया। इस अवसर पर गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह ने गुरु वाणी के अमोलक कीर्तन से संगत को निहाल करते हुए गुरमुख परिवारों से होला महल्ला कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संदेश दिया। स्त्री सत्संग सभा की ओर से प्रारंभ हुए श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के समय संस्था की जत्थेदार बीबी महेंद्र कौर खालसा, सचिव बीबी जसविंदर कौर मोगा, संजम मोगा, कुलवंत कौर, सुरजीत कौर, जसवीर कौर, जसपाल कौर, सुरेंद्र कौर, सर्वजीत कौर सीडाना, प्रकाश कौर चावला, इंद्रजीत कौर चावला, महेंद्र कौर चावला आदि उपस्थित रहीं। इस अवसर पर बीबी महेंद्र कौर खालसा ने बताया कि होला महल्ला की शुरुआत सन 1701 मे दशमेश गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने आनंदपुर साहिब में की थी, जिसका मुख्य उद्देश्य सिखों को शारीरिक रूप से मजबूत और युद्ध के लिए तैयार करना, वीरता साहस और अनुशासन का अभ्यास कराना, समाज में एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना आदि है। कार्यक्रम में गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने 4 मार्च को गुरुद्वारा के दीवान हाल में आयोजित होने वाले होला महल्ला कार्यक्रम में गुरुमुख परिवारों से परिजनों सहित अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आवाहन किया।

# गंगा में राफ्टिंग पर कल लगी रहेगी रोक

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** कल रंगोत्सव के अवसर पर गंगा में राफ्टिंग पर रोक रहेगी। पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर टिहरी के एसडीएम आशीष घिल्डियाल ने इस सम्बंध में आदेश जारी किये। इस आदेश के तहत ऋषिकेश के मुनि की रेती, तपोवन, शिवपुरी, व्यासी व कौड़ियाल आदि में राफ्टिंग गति विधियां संचालित नहीं होंगी। उल्लेखनीय है कि होली के अवसर पर बाहरी पर्यटक बड़ी संख्या में मुनि की रेती, तपोवन व शिवपुरी आदि क्षेत्रों में आते हैं। होली के अवसर पर गंगा में राफ्टिंग पर्यटकों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। इसीलिए होली पर राफ्टिंग पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है।

# 'युद्ध किसी समस्या का हल नहीं'

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के कालाबड़ स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में अमेरिका-इजराइल व ईरान के बीच हो रही जंग पर रोष व्यक्त किया गया। कहा कि ऐसी हालत में तीसरे विश्व युद्ध की शुरुआत से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। कहा कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं है, बल्कि यह कई सवालों को जन्म देता है। युद्ध से न सिर्फ जान-माल की हानि होती है, बल्कि समाज में तनाव, भय और अस्थिरता भी फैलती है। शांति और संवाद के माध्यम से समस्या का समाधान निकाला जाना चाहिए। मौके पर आम जन को होली की शुभकामनाएं देते हुए होली में स्वदेशी रंगों का इस्तेमाल करने की अपील की गई। बैठक में बलवान रावत, हरीश खुगशाल, शुभम असवाल, सुरेश रावत और गोपाल कृष्ण वड़थ्वाल, अनूप बिष्ट, विनोद नेगी और योगंबर सहित परिषद के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जनता दरबार में डीएम ने सुनी लोगों की फरियाद

**राजेश शर्मा**

### संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये शिकायतें दूर करने के निर्देश



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** देहरादून जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ऋषिपर्णा सभागार में जनता दर्शन/जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया गया। जनता दरबार में उपस्थित फरियादियों ने भूमि विवाद, निजी भूमि का सीमांकन, अवैध कब्जा, आपसी विवाद, आर्थिक सहायता, फीस माफी, उपचार से संबंधित कुल 92 शिकायतें एवं समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाये एचडीसी कॉलोनी निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग एल.एन. नौटियाल ने अवगत कराया कि उनके मौहल्ले में सीवर लाइन, सड़क एवं नाली निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण न होने के कारण सीवर चैम्बर धंस गए हैं। सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है तथा वर्षा ऋतु में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे आमजन को आवागमन में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से स्पष्टीकरण चाहा। जनता दरबार में अनुपस्थित पाए जाने पर डीएम ने अधिशासी अभियंता के एक दिन के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिये। साथ ही एडीएम को मामले की जांच कर संबंधित विभागों से शीघ्र समस्या समाधान सुनिश्चित करने को कहा। राजीव नगर निवासी वृद्धा मंजू देवी ने अवगत कराया कि उनका पुत्र एवं बहू उन्हें घर से बेदखल कर संपत्ति हड़पने का प्रयास कर रहे हैं तथा प्रतिदिन अभद्र व्यवहार एवं जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को 'भरण-पोषण अधिनियम' के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये अजबपुर कलां निवासी असहाय बुजुर्ग विधवा सीमा उनियाल ने अपने जेठ एवं उनके पुत्रों पर मारपीट, अभद्र भाषा का प्रयोग तथा निजी संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया। जिलाधिकारी ने तहसीलदार को मौके पर जांच कर पीड़िता को न्याय दिलाने एवं समस्या का यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

श्री चंद्रेश्वर महादेव मंदिर एवं क्षेत्र विकास समिति तथा स्थानीय निवासियों ने केदारपुरम कॉलोनी स्थित चक डांडा लखौंड, लिंक रोड सहस्रधारा रोड क्षेत्र में सरकारी भूमि पर तारबाड़ कर किए गए अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराई। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सदर को निर्देशित किया कि राजस्व अभिलेखों का परीक्षण कर स्थलीय निरीक्षण के उपरांत 15 मार्च तक स्पष्ट आख्या प्रस्तुत की जाए।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र राहत मिल सके। जनता दरबार में अपर जिलाधिकारी वि.रा के.के.मिश्रा, एसडीएम विनोद कुमार, एसडीएम कुमकुम जोशी, एसडीएम अपूर्वा सिंह, एसडीएम अपर्णा ढौडियाल, परियोजना निदेशक विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# नजीबाबाद में निकाले गये होली जुलूस में जमकर उड़ा गुलाल

## हुलियारों ने जमकर खेली होली, एक-दूसरे को दीं शुभकामनाएं

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में होली जुलूस बड़ी धूमधाम के साथ निकाला गया। ढोल नगाड़ों की थाप पर हुलियारों ने जमकर गुलाल खेलकर खूब नृत्य कर एक-दूसरे को होली पर्व की बधाई दी। होली जुलूस के दौरान वातावरण रंगमय नजर आया। सोमवार को होली हवन कल्याण समिति के बाजार नजीबाबाद की ओर से होली जुलूस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। सुबह रेलवे स्टेशन से प्रारंभ जुलूस का मुख्य अतिथि समिति के संरक्षक समाजसेवी अवनीश अग्रवाल टांडे वाले व संजीव चौहान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। जुलूस में हवन बोगी, ढोल, चंदौसी के तासे, ढोल नगाड़े व डीजे समेत कई कार्यक्रम शामिल रहे। हुलियारों ने गुलाल की जमकर होली खेली व ढोल नगाड़ों पर जमकर ठुमके लगाए। जुलूस में शामिल युवाओं ने एक-दूसरे के गले लगकर होली की बधाई दी। जुलूस कृष्णा टाकीज, जगन्नाथ चौराहा, बाजार कल्लूगंज, चौक बाजार होते हुए मालन नदी पहुंचकर समाप्त हुआ। भारी पुलिस फोर्स की उपस्थिति में निकाले गए होली जुलूस में समिति के अरूण शर्मा, संदीप वर्मा, संजीव चौहान, विजय शर्मा टीटू, मनोज अग्रवाल, दीपक वालिया, दिनेश खन्ना, वंश शर्मा, मयंक शर्मा, सूरज वर्मा आदि मौजूद रहे।

## ईदगाह व बड़ा कब्रिस्तान पर खड़े आम के बाग की नीलामी को बैठक

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** तहसील क्षेत्र के ग्राम हर्षवाड़ा में मरहूम शफीक अहमद अंसारी पट्टू शाह की बैठक पर ईदगाह वक्फ प्रॉपर्टी नंबर 1571 व 1061 स्थित ग्राम हर्षवाड़ा की सपील व ईदगाह बड़ा कब्रिस्तान पर खड़े हुए आम के बाग की नीलामी को लेकर एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें ईदगाह सपील व ईदगाह बड़ा कब्रिस्तान पर खड़े आम के पेड़ों की नीलामी से पूर्व बोली लगाई गई। इस नीलामी में तमाम लोगों ने भाग लेकर धनराशि भी जमा की। प्रबंध कमेटी के लोगों ने बताया कि बाकी धनराशि एक सप्ताह के भीतर जमा करनी होगी, अगर उनके द्वारा भुगतान प्राप्त नहीं हुआ तो दूसरे नंबर पर बोली लगाने वालों को सपील व ईदगाह बड़ा कब्रिस्तान पर खड़े आम के बाग दे दिया जाएगा। ईदगाह नजीबाबाद की सपील पर आम के पेड़ की नीलामी के समय उपस्थित व्यक्तियों में काजी अफफान शहर काजी नजीबाबाद, अनीसुर्रहमान, नौशाद अहमद अंसारी, अब्दुलहाई, सरफराज अहमद, अदनान अंसारी, मौहम्मद शादाब, मौहम्मद जैद, मौहम्मद उमर, शादान, रिहान अंसारी, आतिफ अंसारी, आमिर, आरिफ अंसारी, शमशुल हई, सुल्तान अंसारी आदि मौजूद रहे।

## पेट्रोल पंप पर हुई छिनैती की घटना के खुलासे में पुलिस लगा रही एड़ी चोटी का जोर

**शीघ्र हो सकता है पर्दाफाश**

कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। पेट्रोल पंप पर सेल्समैन से रुपए छीनकर फरार हुए दो अज्ञात नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों को गिरफ्तार करने और घटना का खुलासा करने के लिये अफजलगढ़ पुलिस एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए है। भूतपुरी-जसपुर मार्ग पर सुआवाला के पास स्थित पेट्रोल पंप के मालिक ने थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को दिए प्रार्थना-पत्र में अवगत कराया था कि शनिवार/रविवार की मध्यरात्रि उसके पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने के बहाने आए नकाबपोश बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश आकाश नामक सेल्समैन से 25000 रुपए छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने मौका-ए- वारदात का बारीकी से मुआयना करते हुए तभी से घटना के खुलासे के भरसक प्रयास शुरू कर दिये। थानाध्यक्ष अफ़ज़लगढ़ विजेंद्र सिंह राठी का कहना है कि शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

## सूचना

पहले मेरे नाम की स्पेलिंग Mohammad Aakib थी। अब मैंने अपने नाम की स्पेलिंग Mohd Aakib रख ली है। भविष्य में मुझे नई नाम की स्पेलिंग से जाना व पहचाना जाये। Mohd Aakib S/o Habeeb, Jabtaganj, Najibabad, Bijnor


सभी देशवासियों, जनपदवासियों, शिक्षक व शिक्षिकाओं को रंगों के पर्व होली व ईद उल फितर की हार्दिक शुभकामनाएं



कमलकांत
ब्लॉक अध्यक्ष
उप्र जूहा ( पूर्व माध्यमिक ) शिक्षक संघ वि. क्षेत्र जलीलपुर, चांदपुर



Kajaria Exculsive Showroom
Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



आवश्यकता है
Hero
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679



भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"



योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए नि:शुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928